

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


नए फुटवियर से पैरों में हो गए हैं ...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 17 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 146 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# पोर्टल के जरिए रोका जा सकेगा टेलीकॉम और केवाईसी फ्रॉड

## अश्विनी वैष्णव ने किया शुभारंभ, जानें इसकी खासियत

नई दिल्ली। केंद्रीय संचार, रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संचार साथी पोर्टल लॉन्च किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दूरसंचार उपयोगकर्ता की सुरक्षा के लिए पीएम मोदी के दृष्टिकोण के तहत हमने संचार साथी पोर्टल लॉन्च किया है जिसके तहत दूरसंचार उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए तीन सुधार हैं जो उपयोगकर्ता की डिजिटल पहचान को सुरक्षित




रखने में मदद करेंगे। ये सुधार पूरी तरह से भारत के दूरसंचार क्षेत्र को विश्व स्तर पर बेंचमार्क करने के लिए पीएम के दृष्टिकोण को फिट करते हैं। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहला सुधार सेंट्रलाइज्ड इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) है जो खो जाने या चोरी हो जाने पर मोबाइल फोन को ब्लॉक, ट्रैक और ट्रेस करने में मदद करता है। अगर सिम कार्ड निकाल दिया जाता है और नया सिम कार्ड डाला जाता है तब भी फोन को ब्लॉक किया जा सकता है। ब्म्प् फोन डेटा और निजी सामान को सुरक्षित रखने में मदद करेगा। दूसरा सुधार नो योर मोबाइल है। उपभोक्ता को यह जानने की सुविधा मिलेगी कि उसके नाम पर कितने सिम कार्ड हैं और किस तरह के दस्तावेज अटैच किए गए हैं। अब आप इसे जान सकते हैं और इसे बंद कर सकते हैं क्योंकि फोन नंबर केवाईसी से जुड़े हुए हैं। यह एआई एल्गोरिदम के साथ किया जाएगा।

# त्र्यंबकेश्वर मंदिर में दूसरे धर्म के लोगों ने जबरन घुसने की कोशिश की! मामले की जांच करेगी एसआईटी

डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने घटना की जांच के लिए एक एडीजी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में एक एसआईटी गठित करने का आदेश दिया, जहां 13 मई को दूसरे ध र्म के एक समूह ने जबरदस्ती त्र्यंबकेश्वर मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश की थी। इस मामले में नासिक पुलिस द्वारा एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। त्र्यंबकेश्वर मंदिर के सुरक्षाकर्मियों ने जबरन प्रवेश करने के प्रयास को विफल कर दिया। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, केवल हिंदुओं को मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति है। यह मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। पूरे मामले को लेकर




मंदिर न्यास ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। दावा किया जा रहा है कि कुछ लोग ज्योतिर्लिंग पर हरी चादर चढ़ाना चाहते थे। इस घटना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस राज्य में सभी जाति के लोग रहते हैं, कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की है लेकिन इसमें नागरिकों को भी सहयोग करनी की आवश्यकता है मैंने कल ये आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी जाति तनाव न हो इसलिए सभी समाज के लोगों को आगे बढ़कर सहयोग और कानून व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता है। वहीं, फडणवीस के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) रैंक का एक अधिकारी एसआईटी का प्रमुख होगा। बयान में कहा गया, एसआईटी न केवल इस घटना की जांच करेगी, बल्कि इसी तरह की एक अन्य घटना की भी जांच करेगी जो पिछले साल उसी मंदिर में हुई थी। पुलिस के मुताबिक एसआईटी इस साल की ही नहीं बल्कि पिछले साल की घटना की भी जांच करेगी। पिछले साल भी इसी तरह का प्रयास मई में किया गया था जब एक विशेष समुदाय की भीड़ मुख्य प्रवेश द्वार के माध यम से कथित तौर पर त्र्यंबकेश्वर मंदिर परिसर में प्रवेश कर गई थी। वहीं, विश्व हिन्दू परिषद के विनोद बंसल ने ट्वीट कर कहा कि नासिक के प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग पर जिहादियों द्वारा कब्जे का दुस्साहस करोड़ों हिंदूओं की ध ार्मिक भावनाओं व आस्था के केंद्र पर प्रत्यक्ष हमला व सम्पूर्ण हिंदू समाज की आंखें खोल देने वाला है। शिवा जी की पुण्य धरा पर हुए इस पापी प्रयास के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही जरूरी है।

## एटीएस सेंट्रल एजेंसी के साथ मिलकर काम कर रही, एमपी को नहीं बनने देंगे केरल स्टोरीः शिवराज

भोपाल। मध्य प्रदेश के आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने हाल ही में एक हिज्ब यूटी–तहरीर (एचयूटी) मॉड्यूल को नष्ट कर दिया और मध्य प्रदेश और तेलंगाना के 16 लोगों को पकड़ा, जिससे पता चला कि इनमें से 8 आतंकवादी इस्लाम में परिवर्तित हो गए थे। अब हिज्ब–उत–तहरीर(एचयूटी) से संबंध रखने वाले 16 लोगों की गिरफ्तारी पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जो तथ्य सामने आए हैं उसकी जांच हो रही है। लव जिहाद, धर्मांतरण और उसके बाद आतंकवादी




गतिविधियों को शह देना हम इसके खिलाफ हैं। यह गतिविध ियां किसी भी तरह से नहीं चलेंगी, एटीएस सेंट्रल एजेंसी के साथ मिल कर काम कर रही है। इससे पहले मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा था कि कट्टरपंथी संगठन हिज्ब उत तहरीर (एचयूटी) से जुड़ाव रखने के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इनमें एक प्रोफेसर और एक जिम ट्रेनर सहित ऐसे लोग शामिल हैं जो कि प्रथमदृष्टया 'लव जिहाद' और धर्म परिवर्तन के मामलों में शामिल थे। मिश्रा ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में तीन बड़ी कार्रवाई की गयी जिसमें जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी), पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) और एचयूटी से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया गया। एचयूटी मामले में जाकिर नायक कनेक्शन की जांच एटीएस करेगी। सलीम का जाकिर नायक का हिंदू धर्म छोड़कर मुस्लिम बनने वाले सौरभ से कनेक्शन सामने आया है, जो हैदराबाद से पकड़ा गया।

## बागेश्वर बाबा के दरबार में जाने से तेजस्वी ने किया इनकार

### गिरिराज बोलेः ये वहीं जाते हैं जहां जालीदार टोपी होती है

पटना। बिहार में धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा का दरबार लगा हुआ है। उनके कार्यक्रम में लाखों लोग पहुंच रहे हैं। ध ीरेंद्र शास्त्री के आगमन को लेकर बिहार भाजपा में उत्साह भी है। बिहार भाजपा के नेता लगातार धीरेंद्र शास्त्री के दरबार में पहुंच रहे हैं। इन सब के बीच एक खबर यह भी आई थी कि बिहार के उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव भी धीरेंद्र शास्त्री के दरबार में जा सकते हैं। हालांकि, इसको लेकर जब तेजस्वी यादव से सवाल पूछा



गया तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वह बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम में नहीं जा रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जहां जनता का कोई फायदा नहीं होता है वहां वे नहीं जाते हैं। इसी को लेकर भाजपा तेजस्वी यादव पर हमलावर हो गई है। भाजपा के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने साफ तौर पर कहा कि तेजस्वी यादव वहीं जाना पसंद करते हैं जहां जालीदार टोपी हो। उन्होंने कहा कि हनुमंत कथा से वोट बैंक की राजनीति पूरी नहीं हो रही है इसलिए तेजस्वी यादव बागेश्वर बाबा के दरबार में नहीं जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आयोजकों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बुलाकर अपना धर्म निभाया है।

## 1990 से फरार हिजबुल का 2 आतंकी गिरफ्त में आया

### मीरवाइज फारूक की हत्या में था शामिल

जम्मू। एक बड़ी सफलता के रूप में जम्मू–कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने मंगलवार को हिजबुल मुजाहिदीन के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जो 21 मई, 1990 को मीरवाइज मुहम्मद फारूक की



हत्या में शामिल थे। सीआईडी घ्घ्के विशेष पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने यहां एक मीडिया कांफ्रेंस में कहा कि एसआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए दो लोगों जावेद भट और जहूर अहमद भट में से एक ने दिवंगत मीरवाइज के बेडरूम में प्रवेश किया और उन पर गोलियां चलाईं। उन्होंने कहा कि मीरवाइज की हत्या के संबंध में 21 मई 1990 को निगीन थाने में प्राथमिकी 61ध्1990 के तहत मामला दर्ज किया गया था। फिर केस सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया। सीबीआई ने टाडा अदालत के समक्ष एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था, जिसके बाद अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच से पता चला है कि हिजबुल मुजाहिदीन के कमांडर अब्दुल्ला बांगरू ने मीरवाइज को मारने की साजिश रची थी। बांगरू और उसके सहयोगी, एक अन्य हिज्ब कमांडर मुठभेड़ों में मारे गए, जबकि एक आरोपी आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। दो और अभियुक्त, जावेद भट और जहूर अहमद भट, दोनों श्रीनगर के निवासी थे, जिन्हें एसआईए ने गिरफ्तार किया था। वे गिरफ्तारी से बचते रहे क्योंकि वे इन वर्षों में पाकिस्तान और नेपाल में छिपे हुए थे। दोनों को भगोड़ा अपराध ी बताकर गिरफ्तार कर सीबीआई को सौंप दिया गया है।

## जो कर रहे थे बंगला विवाद की जांच, केजरीवाल सरकार ने उस अधिकारी से वापस लिया सारा काम, बीजेपी ने कहा- कमाल है!

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को दिल्ली के सेवा मंत्री सौरभ भारद्वाज से उस आईएएस अधिकारी के बारे में चुप्पी को लेकर सवाल किया, जिसे उन्होंने सतर्कता विभाग से हटाने की मांग की है। भारद्वाज के इस आशय के




आदेश सामने आने के एक दिन बाद यह सामने आया है। विशेष सचिव सतर्कता वाईवीवीजे राजशेखर पर जबरन वसूली रैकेट चलाने का आरोप लगाते हुए भारद्वाज ने उन्हें सभी कार्यों और मामलों से वंचित कर दिया। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इनमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के फ्लैगस्टाफ रोड आवास की मरम्मत, कथित आबकारी नीति घोटाला और फीडबैक यूनिट (एफबीयू) शामिल हैं।

## विपक्षी एकता को लेकर ममता बनर्जी के बयान पर अखिलेश यादव ने कही यह बड़ी बात

लखनऊ। कर्नाटक में कांग्रेस के जबरदस्त जीत के बाद विपक्षी दलों के हौसले बुलंद हैं। इन सबके बीच ममता बनर्जी ने साफ तौर पर कहा कि जहां कहीं भी कांग्रेस मजबूत होगी, तृणमूल कांग्रेस उसका समर्थन करेगी। 2024 चुनाव के मद्देनजर ममता बनर्जी ने बड़ी बात कही है। सभी विपक्षी दलों की ओर से ममता बनर्जी के इस बयान का स्वागत किया जा रहा है। इन सब के बीच समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ममता बनर्जी के इस बयान का स्वागत किया है। सपा प्रमुख ने कहा कि नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, केसीआर और विभिन्न राजनीतिक दल इसका रास्ता निकालने की कोशिश कर रहे हैं। जहां भी कोई पार्टी मजबूत होगी, उन सभी



जगहों पर चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा जाएगा। आपको बता दें कि पिछले दिनों में ममता बनर्जी और अखिलेश यादव के बीच मुलाकात हुई थी। उसके बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी ममता बनर्जी और अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। यह तीनों नेता लगातार विपक्षी एकजुटता को लेकर सक्रियता से अपनी भूमिका निभा रहे हैं। बनर्जी ने राज्य सचिवालय में संवाददाताओं से कहा था कि जहां भी कांग्रेस मजबूत है, उन्हें लड़ने दीजिए। हम उन्हें समर्थन देंगे, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन उन्हें अन्य राजनीतिक दलों का भी समर्थन करना होगा। उन्होंने कहा कि हालांकि, समर्थन हासिल करने के लिए कांग्रेस को अन्य दलों का भी समर्थन करना होगा। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें उम्मीद है कि सीट बंटवारे के फार्मूले में उन क्षेत्रों में क्षेत्रीय दलों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां वे मजबूत हैं।

## भारत में वैक्सीन सर्टिफिकेट की तारीफ सुंदर पिचाई ने भी की, अनुराग ठाकुर ने कहा– हमें इस पर गर्व होना चाहिए

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक कार्यक्रम से सीईओ सुंदर पिचाई के साथ हुए मुलाकात को याद किया। उन्होंने कहा कि हमें भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना है... गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई मुझसे दिल्ली में एक कार्यक्रम में मिले और उन्होंने अपनी जेब से एक कागज निकाला और कहा कि मुझे अपने वैक्सीन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी अपने पास रखनी पड़ती है लेकिन भारत में, यहां तक कि गरीबों के पास भी उनके फोन पर उनका वैक्सीन सर्टिफिकेट होता है। कोई भी देश ऐसा नहीं कर पाया है। हमें इस पर गर्व होना चाहिए।






# नितिन गडकरी को फिर मिली जान से मारने की धमकी, शिकायत के बाद जांच में जुटी दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को एक बार फिर से जान से मारने की ध मकी मिली है। सूत्रों ने बताया है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को कल शाम उनके दिल्ली आवास पर फोन कॉल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि मंत्री के कार्यालय ने दिल्ली



पुलिस को इस बारे में सूचित किया और अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है जब गडकरी को जान से मारने की धमकी मिली है। इससे पहले भी उन्हें धमकी मिल चुकी है। मार्च में उन्हें दो बार फोन आया जिसके जरिए जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसके बाद से पुलिस जांच में जुट गई थी। तब नागपुर के डीसीपी राहुल मदाने ने कहा था कि नितिन गडकरी के ऑफिस में जयेश पुजारा नामक व्यक्ति ने फोन कर धमकी दी और कहा कि पिछली बार जो नहीं हुआ वो अब हो जाएगा, तब 100 करोड़ मांगे थे वो नहीं दिए, अब 10 करोड़ तो दे दो।

### सेवा की राजनीति से मिलता है वोट

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को ष्सेवा की राजनीतिष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह अगले चुनाव में अपने निर्वाचन क्षेत्र में कोई पोस्टर नहीं लगाएंगे या लोगों को चाय की पेशकश नहीं करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वोट ष्पोस्टर और बैनरष के बजाय ष्सेवा की राजनीतिष के आधार पर जीते जाते हैं। गडकरी राजस्थान के सीकर जिले के खाचरियावास गांव में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# अरेस्ट आरोपी ने पिया हार्पिक,इलाज के दौरान मौत,लापरवाही पर तीन पुलिस कर्मियों पर गिरी गाज

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। गिरफ्तार आरोपी द्वारा शौच के बहाने हार्पिक पीने के बाद उसकी मौत मामले में एसपी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आपको बता दें कि कोतवाली नगर में पंजीकृत मु0अ0स0–09ध्2018, धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्त राजकुमार लाल श्रीवास्तव पुत्र दीपचंद निवासी बाबागंज धानेपुर हालपता गायत्रीपुरम सिविल लाइन थाना कोतवाली नगर, जनपद गोंडा उम्र लगभग 60 वर्ष को उ0नि0 रजनीश द्विवेदी व का0कमलेश



कुमार, का0 शिवम मिश्रा गोंडा थाना कोतवाली नगर द्वारा जिला रामपुर से गिरफ्तार कर वास्ते पूछताछ हेतु गोंडा लेकर आ रहे थे की रास्ते में शौच क्रिया करने के दौरान उक्त आरोपी ने शौचालय में रखी हार्पिक का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत खराब होने पर उ0नि0रजनीश द्विवेदी द्वारा तत्काल रास्ते से सीधे जिला चिकित्सालय गोंडा भर्ती कराया गया था वहाँ से बेहतर इलाज हेतु चिकित्सक की सलाह पर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ में दवा इलाज कराया गया। चिकित्सक द्वारा दिनांक 14.05 2023 को स्वस्थ होने पर राम मनोहर लोहिया से डिसचार्ज किया गया। तत्पश्चात् गिरफ्तार कर चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए माननीय न्यायालय के समझ प्रस्तुत किया गया। जहाँ से जिला कारागार गोण्डा भेजा गया था। वहाँ के चिकित्सक द्वारा अभियुक्त की शिकायत पर उसे जिला चिकित्सालय गोण्डा में समुचित इलाज हेतु भेजा गया था। मंगलवार को प्रातः 10रू35 पर चिकित्सक द्वारा उपरोक्त राजकुमार लाल श्रीवास्तव को मृत्यु घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि मामले में ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर उ0नि0 रजनीश द्विवेदी, आरक्षी कमलेश कुमार, व आरक्षी शिवम मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

# सचेत मोबाइल ऐप से तत्काल मिलेगा वज्रपात का अलर्ट

## जिलाधिकारी ने ऐप डाउनलोड करने के लिए दिए निर्देश, मौसम, तापमान, वर्षा व प्रदूषण के स्तर की भी मिलेगी जानकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिले में सचेत मोबाइल ऐप से सटीक आपदा से बचाव की जानकारी मिलेगी। ऐप के डाउनलोड करने से वज्रपात का अलर्ट मिलने के साथ ही मौसम, तापमान, वर्षा और प्रदूषण के स्तर की जानकारी हर दिन मिलेगी। इसको लेकर जिलाधिकारी डॉ0 महेन्द्र कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भी इस ऐप को डाउनलोड करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी–कर्मचारी इस ऐप का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि इस ऐप के प्रयोग के बारे मेंआम लोगों को भी जागरूक करते हुए अधिक से अधिक संख्या आपदाओं की जानकारी भी चलती मोबाइल में डाउनलोड लगा सकते हैं। डीएम ने बताया कि सचेत ऐप बहुपयोगी होने के साथ–साथ काफी सटीक जानकारी उपलब्ध कराता है। इस ऐप का प्रयोग कर आम नागरिक अपने क्षेत्र में संभावित प्राकृतिक आपदाओं के खतरे से अवगत हो सकते हैं। दिन के तापमान व एक–एक घंटे की जानकारी इस ऐप पर पूरा उपलब्ध है। इसके डैशबोर्ड पर आगामी तीन दिन तक के मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध रहती है। जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आमजन इस ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करें जिससे लोगों को आपदा से बचाव के लिए जानकारी मिल सके। कहा कि ऐप से किसी कार्यक्रम के आयोजन तिथि को मौसम कैसा रहेगा या किसी स्थान की यात्रा के समय मौसम कैसा रहेगा। यह ऐप के माध्यम से जाना जा सकेगा। इस ऐप के माध्यम से स्थानीय मौसम, तापमान, वर्षा, प्रदूषण का स्तर, वज्रपात का अलर्ट तथा विभिन्न आपदाओं में क्या करें क्या न करें आदि के बारे में भी पता किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से पूरे देश के बारे में जानकारी ली जा सकती है। यह ऐप प्राकृतिक आपदाओं से भी बचाता है।

# मेधावी बच्चो के साथ माता पिता को किया गया सम्मानित

## सीबीएसई के सभी विद्यालयों के 90 प्रतिशत से अधिक पाने वाले छात्रों को सेंटजेवीयर्स देगा स्कालरशिप

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया,गोण्डा। गोंडा के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोंडा में कक्षा 10वीं व 12वीं के श्रेष्ठ उत्कृष्ट छात्र छात्राओं व उनके अभिभावकों को सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया जिसमें कक्षा दसवीं के टॉपर अनुष्का सिंह98 .6 शिवांशु गुप्ता 97.80, अभिषेक श्रीवास्तव96.40, प्रियांशी सिंह 96.20, सुभिक्षा 95.80, वैभव शुक्ला 95.40, प्रेरणा 95.40, आशीष मौर्य 95 ,श्रद्धा पांडे 94. 80,श्रेयांश त्रिपाठी94.60,शिद्धि कौशल 94,देवांश पांडेय 94,शाश्वत श्रीवास्तव 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए उनके साथ साथ अन्य को सम्मानित किया गया वहीं कक्षा 12 में दीपशिखा यादव 96. 4:,स्मृति मिश्रा 96:, पल्लवी सिंह 95. 4:,सागर कौशल 94.4:, पूजा मौर्या 94.4:,साश्वत सिंह 94.2:, दीपिका सिंह 93.8:, सेजल द्विवेदी 93.8, अकर्स पाण्डेय 93रू, अलतमस कुरेशी 92.6: को सम्मानित किया गया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पधारी मुख्य विकास अधिकारी एम अरुण मौली ने बताया कि बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ अन्य क्षेत्रों में भी और अच्छा करने की जरूरत है यह बच्चे भविष्य में और भी अच्छा करें ऐसी शुभकामनाएं दी यह बच्चे देश के लिए मिसाल बने उन्होंने बच्चों के साथ–साथ उनके शिक्षक व अभिभावकों का भी योगदान सराहनीय बताया जिनकी कुशल नेतृत्व में यह बच्चे स्वर्णिम सफलता अर्जित किये हैं ये बच्चे भविष्य के निर्माता हैं जो आगे चल के देश के लिए कुछ अच्छा कर हम सभी का मान बढ़ाएंगे उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अपने जीवन के संघर्षों को बता कर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ परमिंदर संधू ने उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों का मनोबल बढ़ाना बताया और उन्होंने विद्यालय प्रबंध द्वारा समस्त उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को सेंट जेवियर्स स्कॉलरशिप के नाम से स्कॉलरशिप देने की घोषणा की जिससे वह भविष्य में और भी नई स्वर्णिम उपलब्धि हासिल कर हम सभी का गौरव बन सके उन्होंने समस्त अभिभावकों अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में सेंट जेवियर्स विद्यालय नए कीर्तिमान हासिल कर जनपद का गौरव बने। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य परमिंदर संधू ने उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया उक्त अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

## उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप से शव का अंतिम संस्कार कराया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटियाथोक,गोंडा। कोतवाली इटियाथोक के ग्राम पंचायत





दरियापुर हरदो पट्टी में कटहल तोड़ने के विवाद में 65 वर्षीय परशुराम की मौत हो गई थी पोस्टमार्टम के बाद परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार न करने की बात कही जा रही थी परिजनों का कहना था कि मारपीट मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस बचाने का प्रयास कर रही है जब तक उक्त आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा लगातार 3 दिनों से स्वजन शव रखकर अपनी जिद पर अड़े रहे सोमवार की शाम जिले के उच्च अधिकारियों द्वारा काफी मान मनोवल जिसके बाद मंगलवार की दोपहर क्षेत्र अधिकारी शिल्पा वर्मा की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज प्रजापति ने बताया दोबारा मेरी तहरीर के आधार पर क्षेत्राधिकारी को जांच सौंपी गई है परिजनों द्वारा जिस पर आरोप लगाया जा रहा है जांच में यदि सही पाया गया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर




ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0देहात पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान शादी का झाँसा देकर लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का वांछित अभियुक्त विनीत कश्यप पुत्र रमेश कश्यप निवासी ग्राम नरौरा अर्जुन थाना को0 देहात, जनपद– गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना को0देहात क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की को शादी का झाँसा देकर बहला–फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके सम्बन्ध में लड़की के माँ द्वारा थाना को0देहात में मु0अ0सं0 225ध 2023 धारा 363,366,504,506 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारकर्ता टीम में उ0नि0 अवनीश शुक्ला मय टीम शामिल रहे।

## मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल करने के 02 आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के क्रम में थाना नवाबगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल करने के 02 आरोपी अभियुक्तों–01. ठाकुर प्रसाद चौहान 02. जितेन्द्र चौहान उर्फ चौकी को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्तों ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली–गुप्ता देते हुए मार–पीट कर मुझे व मेरे पति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके सम्बन्ध में वादिनी द्वारा थाना नवाबगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए ठाकुर प्रसाद चौहान पुत्र स्व0 रामजीत चौहान निवासी ग्राम सेमराशेखपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा। जितेन्द्र चौहान उर्फ चौकी पुत्र ठाकुर प्रसाद चौहान निवासी ग्राम सेमराशेखपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डामु0अ0सं0 99ध2023, धारा 323, 325, 308, 504, 506 भा0द0वि0 थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा द्वारा कार्रवाई की गई

# आगामी 21 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण संभव कराने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को तैयारी करने के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश। सभी संबंधित विभागीय अधिकारी आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले संभावित वादों को चिन्हित करते हुए प्रभावी कार्यवाही करे सुनिश्चित। आगामी 21 मई को जनपद मुख्यालय, दीवानी न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामलें, बिजली व पानी से सम्बन्धित मामलें, धारा 138 एन0आई0एक्ट के वाद, भू–राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री–लिटीगेशन मामलों के साथ–साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिसमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन संधि के लिए इच्छुक हो, वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण किये जाएंगे। अधिक विभिन्न वादों का निस्तारण समझौतों के आधार पर सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद के माननीय जनपद न्यायधीश श्री अवनीश सक्सैना ने आज जजी के सभागार में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से





संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए कहा कि आम नागरिकों को सुलभ एवं शीघ्रता के साथ न्याय दिलाने के उद्देश्य से निरंतर स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। सभी संबंधित अधिकारीगण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने एवं इस अवसर पर अधिक से अधिक सुलह एवं समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण करते हुए जन सामान्य को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने अपने स्तर पर तैयारी सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले वादों का चिन्हीकरण करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक वाद निस्तारित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे ताकि सरकार एवं माननीय न्यायालय के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आम नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर उन्होंने डिप्टी कलेक्टर कोमल पंवार का आह्वान करते हुए कहा कि उनके द्वारा राजस्व विभाग तथा अन्य उनके अधीनस्थ समस्त विभागों के अधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने के उद्देश्य से अभी से तैयारी सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार उन्होंने श्रम विभाग, परिवहन विभाग, मनोरंजन कर, स्वास्थ्य विभाग, जी0एस0टी0 विभाग, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, पुलिस, कोषागार कार्यालय, जिला पूर्ति विभाग तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी इसी प्रकार की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारियों का यह भी आह्वान किया है कि सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने–अपने विभागों के वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में वृहद स्तर पर प्रचार–प्रसार भी सुनिश्चित किया जाए ताकि संबंधित वादकारी राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाते हुए अपने वादों का निस्तारण करा सकें। आयोजित महत्वपूर्ण बैठक का संचालन ए0डी0जे0ध सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ए0डी0जे0ध्नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत रणविजय प्रताप सिंह, डी0सी0पी0 रामबदन सिंह, डिप्टी कलेक्टर कोमल पंवार, मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार, एसीएमओ डॉ ललित तथा अन्य विभागीय एवं प्राधिकरण के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दुःखद नहीं रहे देश के माने जाने वाले वरिष्ठ पत्रकार शीतला सिंह पत्रकारों में शोक की लहर

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया,गोंडा। नहीं रहे देश के जाने माने वरिष्ठ






पत्रकार शीतला सिंह जिले के पत्रकारों में शोक की लहर उत्तर प्रदेश के जनपद अयोध्या से प्रकाशित हिंदी दैनिक जनमोर्चा के संपादक एवं देश के वरिष्ठ पत्रकार शीतला सिंह का हुआ निधन। निधन की सूचना मिलने पर गोंडा में जनमोर्चा सहित अखबारों के पत्रकारों में शोक की लहर। बताते चलें कि शीतला सिंह हिंदी दैनिक जनमोर्चा के संपादक के साथ–साथ लेखक एवं विचारक कर्मठ निर्भीक पत्रकारिता व साहसी निष्पक्ष कलमकार के रूप में पूरे देश में पहचाने गए। इन्होंने जनपद अयोध्या के जिला चिकित्सालय में मंगलवार को अंतिम सांस ली। इनके देहांत की सूचना मिलते ही पूरे अयोध्या व गोंडा के मीडिया कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। जैसे ही यह सूचना गोंडा जनपद में पहुंची तो पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। इसी परिपेक्ष में मंगलवार को मोतीगंज बाजार में एक शोक सभा किया गया। जिसमें पत्रकार मोहम्मद सुलेमान, पत्रकार यज्ञ नारायण त्रिपाठी, पत्रकार सुरेश कुमार तिवारी, पत्रकार सलाहुद्दीन पत्रकार राकेश कुमार सिंह पत्रकार जनक राम वर्मा, पत्रकार राम कुमार मिश्रा, पत्रकार अमरनाथ चौबे, पत्रकार रमेश सिंह उर्फ धीरेंद्र सिंह विशेन, पत्रकार गंगेश कुमार कसौधन, पत्रकार समसुद्दीन सिद्दीकी, पत्रकार अजीजुद्दीन सिद्दीकी, पत्रकार संदीप कमलापुरी सहित दर्जनों पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन रखकर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित कर मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई।

# डीएम ने किया बाढ़ निरोधक कार्यों का निरीक्षण

## बरसात से पहले सभी कार्य पूर्ण किए जाने का दिया– निर्देश



दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। डीएम डॉ0 महेंद्र कुमार द्वारा तहसील उतरौला में ग्राम मनियार,कोडेरवा,चंदापुर,परसौना में बाढ़ निरोधक एवं ड्रेजिंग कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कटर कार्य,जियो ट्यूब कार्य,ड्रेजिंग का जायजा लिया। ग्राम मनियार में कटर कार्य पर परक्यूपाईन लगाए जाने, ग्राम कोडरवा में ड्रेजिंग के दौरान निकलने वाली सिल्ट को और अधिक दूरी पर जमा किए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम चंदापुर में बंधा कटे होने का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड जे ० के० लाल ने बताया कि शासन द्वारा बजट की स्वीकृति के पश्चात जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद डीएम ने ग्राम परसोना में जिओ ट्यूब एवं ड्रेजिंग कार्य को देखा,कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दियाउन्होंने कहा कि सभी बाढ़ निरोधक कार्य बरसात से पहले पूर्ण हो जाए। सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किए जाएं।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एसडीएम उतरौला संतोष कुमार ओझा व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी, दिनभर चर्चा का विषय बना चुनाव

**श्रवण पटवा/**
**दैनिक बुद्ध का संदेश**

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। भले ही नगर पंचायत चुनाव खत्म हो गया हो किंतु अब भी नगर निकाय चुनाव को लेकर आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस दौरान सोसल मीडिया पर तरह–तरह की बातें भी सामने आ रही है जिसे कुछ लोग राजनीति से जोड़ रहे हैं। ताजा मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित हिंदू युवा वाहिनी देवी पाटन मंडल प्रभारी रहे स्वर्गीय सुभाष गुप्ता के साथ अन्य महापुरुषों की फोटो से जुड़ा हुआ है। मंगलवार की सुबह जब निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता को उनके आवास पर पीएम–सीएम व उनके पिता स्व० सुभाष गुप्ता सहित अन्य महापुरुषों व देवी देवताओं की फोटो नगर पंचायत कार्यालय से मिली तो उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया सोसल मीडिया पर दर्ज कराई। उन्होंने लिखा कि,–सादर प्रणाम शोहरतगढ़ ।शपथ ग्रहण से पूर्व नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष रूम से मुस्लिमों के सर फरिश्तों ने हटवाया मेरे पूज्य पिता स्वर्गीय सुभाष गुप्ता एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पूज्य श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज व अन्य मेरे देवी–देवताओं आराध्य जनों का फोटो! अपने पूज्य शोहरतगढ़ नगर वासियों को बताना चाहूंगा कि ओछी मानसिकता के लोग आज जो हिंदुत्व को झुकाने में सफल हुए हैं आज आखिरकार यह परिणाम आपके सामने हैं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शोहरतगढ़ से निवेदन पूर्वक पूछता हूं कि आखिरकार माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी सहित अन्य फोटो किस कारण एवं किसके निर्देश पर हटा कर मेरे घर पर भेजने का कार्य किया गया है। जनपद के सभी भाजपा के वरिष्ठ नेतागण सहित सभी जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह है कि संबंधित जो भी लोग इसमें दोषी है तत्काल प्रभाव से अपने स्तर से कार्रवाई करने का कष्ट करें। इस पोस्ट के बाद लोगों की प्रतिक्रियाएं आने लगी जिसमे नवनिर्वाचित चौयरमैन उमा अग्रवाल के पति रवि अग्रवाल ने लिखा कि– ष्आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ का कार्यालय सरकारी कार्यालय है, किसी का व्यक्तिगत भवन नहीं है, सरकारी कार्यालय में क्यादृक्या लगता है म्व् साहब को भलीभांति मालूम होगा। यदि व्यक्तिगत फोटोज टाउन एरिया कार्यालय के स्टाक रजिस्टर में दर्ज होगा तो हटाना नियम विरुद्ध है। यदि दर्ज नहीं है तो नियमानुसार जो भी चित्र लगता है वह लगेगा।।उक्त पोस्ट भ्रांति फैलाकर विकृत मानसिकता दर्शाता है। निवेदन नगरवासी ऐसे लोगों से सावधान रहें अन्यथा ये ऐसे ही भ्रांति खबरों से कुछ भी कर सकते है। इसके बाद उन्होंने एक और पोस्ट डाली, लिखा कि– ष्बन्द करो यह आरोप–प्रत्यारोप का विलाप, नगर के विकास पर ध्यान दो... पहली बात अभी तक






नगर पंचायत कार्यालय में प्रशासनिक के अलावा किसी का हस्तक्षेप नहीं है और ये जो प्रोपोगंडा चला रहे हो हिंदू– मुस्लिम का यह तुम्हारा पुराना खेल है जो 15 साल से चला रहे थे जो अब बंद हो गया। रही फोटो की बात, तो इसके स्थान पर नया फोटो आया है सभी लोगों का... यह मेरी जानकारी में आया हैं । आज तक तुम सब मिलकर हिंदू मुस्लिम का ही खेल खेलते रहे है जिससे आपसी द्वेष बना रहा। अब यह खेल नही चलेगा। नगर की भाई चरागी कायम रहेगी, सभी लोगों का त्यौहार सकुशल संपन्न होगा। सबका सम्मान सबका विकास इसी पोस्ट के बाद अधिवक्ता नगेन्द्र कुमार श्रीवास्तव न3 लिखा कि– भाइयों और बहनो प्रणाम, हमें राजनीतिक मक्कारी तो नहीं आती परंतु राजनीतिक तमीज जरूर आती है हमें अभी थोड़ी देर पहले मालूम हुआ कि नगर पंचायत के कार्यालय से आदरणीय प्रधानमंत्री और आदरणीय पूज्य योगी जी की फोटो के साथ–साथ कुछ और फोटो हटा दी गई है स हमें यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि वहां पूज्य विवेकानंद जी की फोटो और कुछ आस्था से जुड़ी फोटो भी हटा दी गई है स जिसने भी देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की फोटो हटाई है उससे हम और हमारा समाज जानना चाहता है कि क्या वहां पर जिन्ना या बेनजीर भुट्टो की फोटो लगाएगा। यह कार्य पद्धति और हम तक पहुंचने वाली जानकारी बेहद अफसोस जनक है अगर भूत पूर्व चेयरमैन ने इस संदर्भ में नहीं ध्यान दिया था तो वर्तमान निर्वाचित चेयरमैन को इस संदर्भ में ध्यान देना चाहिए था सही तरीका तो यह है नगर पंचायत में जब जिसका कार्यकाल रहा हो, जो भी माननीय अध्यक्ष रहा हो उसके कार्यकाल के समय के साथकी फोटो लगी होनी चाहिए, मा० सभासद गणों की भी फोटो एक ग्रुप में बनाकर साथ में लगी होनी चाहिए। उस नगर पंचायत के ऑफिस में श्री स्वर्गीय रघुनाथ जयसवाल जी, श्री शिव प्रसाद वर्मा जी, श्रीमती बबीता कसौधन का नाम और उनका कार्यकाल तथा उनके साथ उस समय के जीते और मनोनीत सभासदों की ग्रुप फोटो भी वहां लगी होनी चाहिए। यह अत्यंत खेदपूर्ण और लज्जा जनक तथा अशोभनीय है की, एक अच्छी और नई परिपाटी की शुरुआत करने के बजाए, एक बेहद आपत्तिजनक व्यवहार की शुरुआत की गई, इसका जिम्मेदार कौन है यह भी हम तक जल्दी पहुंच जाएगा थोड़ा पहुंच गया है हम थोड़ा कंफर्म तो है परंतु हम थोड़ा और हो रहे हैं। इस कार्य के मुख्य जिम्मेदार जो भी है उन से विनम्र निवेदन है कि वह एक गलत परंपरा का परिचालन शुरू मत करें, अगर स्व0 सुभाष की फोटो हटाई गई तो कोई बात नहीं, क्योंकि यह उनके परिवार की व्यक्तिगत भावना का विषय रहा, परंतु वहां क्रम से स्वर्गीय श्री रघुनाथ जयसवाल जी श्री शिव प्रसाद वर्मा जी श्रीमती बबीता जी की फोटो उनके कार्यकाल के साथ, और उन्हें सहयोग करने वाले सभी सभासदों की ग्रुप फोटो उनके कार्यकाल के साथ भी लगी होनी चाहिए थी स जिससे जब भी कोई ऑफिस में आता तो जानता कि इस नगर पंचायत का क्या इतिहास रहा है, और जो भी नया नगर पंचायत अध्यक्ष कुर्सी पर बैठता उसको इस बात का एहसास बना रहता की यह कुर्सी शाश्वत और सर्वाधिकार रूप से उसकी नहीं है बल्कि वह कस्टोडियन के रूप में जनता जनार्दन के आशीर्वाद से उस पर बैठा है। नगर के नए चेयरमैन प्रतिनिधि के रूप में प्रिय रवि भाई से अनुरोध है कि वह गलत परंपरा की शुरुआत मत करें और वहां जो भी उचित फोटोस हो उन्हें लगी रहने दे जो ना हो उन्हें संबंधित लोगों के परिवार से प्राप्त करें तथा धार्मिक रूप से सामूहिक श्रद्धा और आस्था को चोट पहुंचाने से बचने का प्रयास एक अच्छी परिपाटी की शुरुआत करके अपना कार्यकाल शुरू करने का प्रयास करें। आशा करता हूं कि जन भावनाओं का ख्याल करते हुए वह पूर्व के सभी चेयरमैनो की फोटो उनके कार्यकाल के साथ तथा उनके साथ काम किए हुए सभी सभासदों की ग्रुप फोटो उनके कार्यकाल के साथ अपने ऑफिस में शपथ ग्रहण के पूर्व लगवाने का कष्ट करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने दूसरी पोस्ट डाली कि,– हमें अभी जानकारी दी जा रही है कि कुछ लोग निर्वाचित चेयरमैन या उनके पति से इस दुखदाई प्रकरण के संदर्भ में उत्तर चाहते हैं तो हमारी ओर से प्रार्थना है कि जब तक निर्वाचित चेयरमैन का शपथ ग्रहण समारोह नहीं हो जाता तब तक आप सब उनसे या उनके किसी भी प्रतिनिधि से कोई सवाल ना करें वर्तमान समय की जिम्मेदारी वर्तमान ईओ की है। वर्तमान समय में फोटो क्यों हटाई गई किसके कहने से हटाई गई इसके सीधे जिम्मेदार अधिशासी अधिकारी हैं उनसे सवाल पूछा जाय तो समझ में आता है, लेकिन अनावश्यक रूप से निर्वाचित पदाधिकारियों से अभी कोई सवाल न किया जाए तो ज्यादा अच्छा है। क्योंकि नगर पंचायत अध्यक्ष की जो जीती प्रत्याशी है या उनके प्रतिनिधि है उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं बनती। जब तक की शपथ ग्रहण ना हो जाए। जब तक शपथ ग्रहण समारोह नहीं हो जाता तो यह हृदय परिवर्तन किसके कहने से हुआ क्यों हुआ अचानक हुआ या पूर्व नियोजित हुआ, इन सबकी जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी की है कि उन्होंने आदरणीय प्रधानमंत्री और पूज्य मुख्यमंत्री की फोटो क्यों हटाई और फिर बाद में क्यों लगवाई। इस संदर्भ में अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि अध्यक्ष रूम की सफाई हुई है, सम्मान के साथ निवर्तमान चौयरमैन के कार्यकाल के फोटो को निवर्तमान चौयरमैन साहब के घर भेजा गया है और अध्यक्ष रूप में बेहतर और बड़ा फोटो मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री जी का लगाया गया है। परम्परा रही है कि नवनिर्वाचित चौयरमैन जैसा चाहेंगे वैसा अध्यक्ष रूप सजायेंगे। किसी के आदेश से कोई कार्य नही किया गया है। निवर्तमान अध्यक्ष के कार्यकाल पूर्ण होने बाद अध्यक्ष रूप की साफ–सफाई हुई है, ताकि लोगों को शिकायत का मौका न मिले। निष्पक्ष रूप ।से कार्य किया जा रहा है।

## पढ़ना है, पढ़ाना है, निपुण लक्ष्य को पाना है

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया,सिद्धार्थनगर। ग्राम महला मे न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षक संकुल की बैठक हुई सम्पन्न पढ़ना है पढ़ाना है निपुण लक्ष्य को पाना है के तहत मई माह के तीसरे मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय जूडीकुइयां में नोडल शिक्षक संकुल अनन्त दीप यादव,की मेजबानी में शिक्षक संकुल महला की मासिक बैठक आयोजित की गई बैठक का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी जोगिया कुंवर विक्रम पाण्डेय व एआरपी जोगिया अनुपम सिंह जी,के द्वारा किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी सर द्वारा नवीन नामांकन और बच्चो के आधार बनवाने पर जोर दिया गया। ।त्च् अनुपम सिंह द्वारा आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका का प्रयोग, ट्रैकर भरना व निपुण लक्ष्य को कैसे हासिल करें विषय पर विस्तार से समझाया,और बिगबुक, रिमिडियल टीचिंग, खेल आधारित शिक्षण कार्य व शिक्षक डायरी, शिक्षण योजना कैसे बनायें के बारे में बताया गया। बैठक में



एजेंडा बिंदुरूदृपिछले बैठक के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा, निपुण लक्ष्य एप के प्रयोग, दीक्षा प्रशिक्षण के प्रगति पर चर्चा, निपुण भारत के 4 फाउंडेशनल टूलकिट वीडियो पर चर्चा, बच्चो द्वारा किए गए कार्यध्वीडियो पर चर्चा, पाठ्यपुस्तक निपुण सूची लर्निंग आउटकम सूची आगामी माह के थीम और संबंधित लर्निंग आउटकम की पहचान, शिक्षण योजनाओं से संबंधित आकलन प्रपत्र व कार्यपत्रक बनाने पर चर्चा, निपुण लक्ष्य एप द्वारा निपुण लक्ष्य पर अभ्यास, शिक्षक व समूह द्वारा विद्यालय स्तर की चुनौतियों को साझा करना, शिक्षक संकुल द्वारा डीसीएफ भरा जाना व अन्य विद्यालयी समस्याओं पर चर्चा किया गया। तत्पश्चात न्यायपंचायत के सभी विद्यालयों के शिक्षकधशिक्षिका द्वारा एक–एक करके सुझाव व अपने विद्यालय में किये जा रहे नवाचार के बारे में बताया गया। प्राथमिक विद्यालय सबुई की सहायक अध्यापिका श्रीमती अल्का वर्मा द्वारा शिक्षण गतिविधि की गई। अन्त में समस्त शिक्षक संकुल द्वारा प्रेरणा एप पर डीसीएफ भर कर बैठक का समापन किया गया। बैठक में शिक्षक संकुल आर पी सिंह, नमिता यादव, जितेंद्र कुमार, जितेंद्र त्रिपाठी, 'प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश यादव, रोमी उपाध्याय, मोनिका यादव, नीतू सिंह, नीतू वर्मा, निधि अवस्थी, सहायक अध्यापक अनन्त दीप यादव (नोडल संकुल) न्याय पंचायत महला, बिमलेंदु यादव, मनोज कुमार यादव, श्यामसुंदर पाण्डेय, दुर्गेश अग्रहरि, अभिनेष कुमार, दिव्यानी गुप्ता, सरिता, शालिनी भारद्वाज, विमलेश, अंकिता चौधरी, पंकज कुमार पाण्डेय, दिनेश कुमार प्रजापति, ज्योति माहौर, शिक्षा मित्ररामधन व साधना मौर्या आदि शिक्षक शिक्षामित्र उपस्थित रहें।

## मुख्य विकास अधिकारी ने किया खण्ड विकास अधिकारीयों के साथ समीक्षा बैठक





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में खण्ड विकास अधिकारी की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा द्वारा कराये जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करे। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जो मृत हो गये है उनका मास्टर रोल निस्तारित करे जो सक्रिय है उन्हें ही रखा जाये। मनरेगा योजनान्तर्गत जहां पर बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कराया जाना है उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जो सामुदायिक शौचालय अपूर्ण है उन्हे शीघ्र पूर्ण कराये। इसके अलावा महिला मेट सत्यापन, अंत्येष्ठि स्थल निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि वर्ष 2022–23 के लक्ष्य के सापेक्ष आवास की स्वीकृति, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त के धनराशि के अवमुक्ति एवं पूर्ण आवास आदि की समीक्षा की गयी। इसके अलावा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, गोवंश संरक्षण स्थल, पंचायती राज विभाग आदि के कार्यो की समीक्षा की गयी। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि आवंटित ग्रामों में सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित करें व बीडीओ सचिव के साथ प्रतिदिन वीसी के माध्यम से प्रातः दैनिक कार्यो एवं योजना की समीक्षा करे। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डी0सी0मनरेगा, डीसीएन आरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## पुरानी पेंशन अधिकार पद यात्रा 18 को

बस्ती(आरएनएस) ।मंगलवार को पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की बैठक जिला संयोजक अनिल कुमार पाठक की अध्यक्षता में ओरीजोत स्थित आवास पर हुई। निर्णय लिया गया कि प्रदेश नेतृत्व के आवाहन 18 मई बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से कलेक्ट्रेट परिसर तक पुरानी पेंशन अधिकार पद यात्रा निकाली जायेगी। इसके बाद एक सूत्रीय मांग के समर्थन में प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा। बैठक में जिला संयोजक अनिल कुमार पाठक ने कहा कि लम्बे अरसे से शिक्षक, कर्मचारी पुरानी पेंशन नीति बहाल किये जाने की मांग कर रहे हैं किन्तु सरकार चुप्पी साधे हुये है। जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती चरणबद्ध ढंग से आन्दोलन जारी रहेगा। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की बैठक में मुख्य रूप से मनसाराम, बलराम कन्नौजिया, अवधेश कुमार, अक्षांशु सक्सेना, अशोक पाण्डेय, अविनाश दूबे, कविन्द्र चौधरी, चन्द्र प्रताप पाल, राकेश मिश्र, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, अशोक चौधरी, परमात्मा प्रसाद, राम सहाय यादव, राघव प्रसाद, सन्तोष पाण्डेय, हनुमान प्रसाद के साथ ही अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## नगर पालिका परिषद का चुनाव जीतते ही लगे काम पर गोविंद माधव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर का चुनाव



जीतने के बाद गोविंद माधव डोर टू डोर जाकर जनता का आशीर्वाद लिया और काम में जुट गए मंगलवार को सुबह में गोविंद माधव ने क्षेत्र भ्रमण पर निकले जिसके तत्पश्चात वार्ड नंबर 1 वाल्मीकि नगर में जा पहुंचे तो उन्होंने देखा कि जल जमाव और साफ सफाई बिल्कुल ही नही थी गोविंद माधव ने तत्काल जल जमाव पानी निकलवाकर और साफ सफाई भी करवाई। अभी हाल ही में 13 मई को गोविंद माधव ने नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर से चुनाव जीते और अभी तक शपथ भी नही लिया गया है लेकिन नगर पालिका की जनता के लिए तन मन धन से गोविंद माधव जुट गए है। वही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गोविंद माधव ने कहा कि नगर पालिका में जहा भी गंदगी है साफ सफाई नहीं है वहा साफ सफाई की जाएगी और नगर पालिका सिद्धार्थनगर को और बेहतरीन बनाना है।

## पुलिस ने मंदबुद्धि महिला को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द

दैनिक बुद्ध का संदेश

नगर बाजार,बस्ती। पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं से सम्बंधित अपराधों में कमी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती दीपेन्द्र नाथ चौधरी के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद के नेतृत्व में थाना नगर पुलिस टीम द्वारा अपने घर का रास्ता भूल कर जनपद बस्ती आ जाने से संबंधित मंद बुद्धि की महिला को सोशल मीडियाध पुलिस कर्मियों द्वारा बनाए गए वॉट्सएप ग्रुप के माध्यम से महिला के घर वालो का पता कर के उनको थाने बुला कर मंदबुद्धि की महिला को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस्माइल पुत्र अब्दुल ग्राम पकराईला थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर अपने माता के साथ दिनांक 15.05.2023 को दवा कराने के लिए दवा लेने के समय उनकी माता कही भटक गई और बहुत खोजबीन किए नही मिली। थाने से सूचनाध्वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से मिली सूचना पर आ थाने पर आए और तस्दीक हो जाने पर परिजनों को बुला कर सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा नगर पुलिस का आभार व्यक्त किया। थाना नगर पुलिस की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई। बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद चौकी प्रभारी फुटहिया उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह आरक्षी सुनील कुमार महिला आरक्षी पूजा यादव थाना नगर जनपद बस्ती।



## नजूल की भूमि पर बनाएंगे दुकानः सोनमती

दैनिक बुद्ध का संदेश

गनेशपुर,बस्ती। अपने निकाय गणेशपुर को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए सड़क किनारे व चौराहों पर नजूल की जमीन का पैमाइश कराकर उस पर दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। नगर पंचायत गणेशपुर की नव निर्वाचित अध्यक्ष सोनमती चौधरी ने कहा कि वह बच्चों के पार्क व स्टेडियम का निर्माण कराएंगे। इनसे जो आय होगी उससे का निकाय को मजबूत किया जाएगा। स्वच्छता के लिए सफाई कर्मियों की वार्डवार ड्यूटी लगाई जाएगी। डंपिंग स्थल चिह्नित कर इकट्ठा कूड़े को वहां निस्तारित किया जाएगा। निराश्रित गोवंश के लिए गोशाला का निर्माण कराने के साथ ही आवारा कुत्तों को पकड़वाने की भी को व्यवस्था बनाई जाएगी। इन्हें पकड़ने के लिए कैटल कैचर–की व्यवस्था की जाएगी।



## सम्पादकीय

**नगा, कुकी नाराज और आन्दोलित थे। मैतेई बुनियादी तौर पर हिन्दू हैं, जबकि अधिकांश नगा और कुकी ईसाई धर्म को मानने वाले हैं। मैतेई अपना पक्ष रखते आए हैं कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान उन्हें मुख्य आदिवासी समुदाय माना जाता था। उन्हें शहिंदू आदिवासीश भी माना गया, लेकिन 1949 में भारतीय संघ में ...**

# मणिपुर में आग??

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर अचानक जल उठा है। एक आदिवासी समुदाय दूसरे अन्तर्जातीय वर्ग को मारने–काटने पर आमादा है। मैतेई और कुकी, नगा समुदाय सनातन दुश्मन रहे हैं, जबकि वे मणिपुर के ही निवासी और नागरिक हैं। हालात इतने उबल चुके थे कि करीब 9000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर या शिविरों में भेजना पड़ा। कर्फ्यू लगा है, धारा 144 लागू है और इंटरनेट–मोबाइल बेमियादी तौर पर बंद हैं। सेना, असम राइफल्स और स्थानीय पुलिस के हजारों जवान तैनात किए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रक्षा मंत्रालय को पत्र लिख कर वायुसेना की सेवाएं मांगी हैं, ताकि विभिन्न केंद्रों से अर्द्धसैन्य बलों के जवानों को एयरलिफ्ट कर मणिपर के जलते – उबलते जिलों तक पहुंचाया जा सके। सबसे महत्वपूर्ण और गंभीर घोषणा राज्यपाल ने की है कि दंगाइयों को देखते ही गोली मार दी जाए।.. यह बेहद असामान्य स्थिति है। मणिपुर निवासी, छह बार की विश्व चौम्पियन मुक्केबाज एवं राज्यसभा सांसद मैरी कॉम को, सोशल मीडिया के जरिए, प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गुहार लगानी पड़ी है कि मेरा राज्य मणिपुर जल रहा है। कृपा करके इसे बचा लें और शांति बहाल करें।श संवेदनशील और चिंतित पक्ष यह है कि मणिपुर से म्यांमार की सरहद लगती है और वहां भी हालात बेहद हिंसक हैं। हालात आग में घी का काम कर सकते हैं। दरअसल मणिपुर उच्च न्यायालय ने हाल ही में निर्देशात्मक निर्णय सुनाया था कि राज्य सरकार मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने पर विचार करे और भारत सरकार को अनुशंसा भी भेजे। यदि ऐसा कोई निर्णय करना है और जनजाति में किसी समुदाय को शामिल करना है, तो राष्ट्रीय आयोग और केंद्रीय कैबिनेट ही फैसला ले सकते हैं। मामला संसद में भी विचारार्थ रखा जा सकता है। अन्य आदिवासी समुदायों ने उच्च न्यायालय के फैसले का विरोध किया है, नतीजतन मणिपुर एकदम धू–धू कर जलने लगा है। आंदोलित आदिवासियों की आशंका है कि मैतेई उनके अधिकारों, आरक्षण, भूमि और संसाधनों पर कब्जा कर सकते हैं, क्योंकि वे अपेक्षाकृत सम्पन्न, विकसित और ताकतवर हैं। राज्य की करीब 38 लाख आबादी में करीब 53 फीसदी मैतेई हैं। इंफाल घाटी मैतेई बहुल है। हालांकि मैतेई राज्य के 10 फीसदी भू–भाग में ही बसे हैं। नगा, कुकी आदिवासी समुदाय शेष 90 फीसदी क्षेत्रफल में रहते हैं, लेकिन उनकी आबादी कम है। बीते साल अगस्त में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की सरकार ने नगा और कुकी जनजाति को श्घुसपैठियाश करार देते हुए राज्य के वन क्षेत्र से निकालने के आदेश दिए थे। नगा, कुकी नाराज और आन्दोलित थे। मैतेई बुनियादी तौर पर हिन्दू हैं, जबकि अधिकांश नगा और कुकी ईसाई धर्म को मानने वाले हैं। मैतेई अपना पक्ष रखते आए हैं कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान उन्हें मुख्य आदिवासी समुदाय माना जाता था। उन्हें शहिंदू आदिवासीश भी माना गया, लेकिन 1949 में भारतीय संघ में मणिपुर का विलय हुआ और 1950 में मैतेई अपनी ऐतिहासिक पहचान, संस्कृति, भाषा की रक्षा करने के मद्देनजर एसटी का दर्जा मांग रहे हैं। यह उनका संवैधानिक हक भी है। वे बार–बार स्पष्ट कर रहे हैं कि उन्हें दूसरों के अधिकार और संसाधन नहीं चाहिए। वे अपनी ही जमीन पर पराए हो गए हैं, जबकि वे सबसे प्राचीन आदिवासी हैं। दूसरा पक्ष इसका विरोध कर रहा है और जुलूस आदि के आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भी भेजा है कि मैतेई की मांग गलत है। बहरहाल, मणिपुर की आग कब शांत होगी, यह देखना अभी शेष है।

# की उत्पत्ति शिव के मुख से हुई है

भगवान शिव ने इस ब्रह्मांड की निर्मित के पश्चात मनुष्य के कल्याणार्थ द मंत्र का उच्चारण किया। ऋग्वेद और यजुर्वेद में भी द मंत्र की चर्चा होती है। उपनिषदों में भी द की चर्चा होती है। मंडूक उपनिषद में कहा गया है कि संसार में भूत, भविष्य और वर्तमान काल में इनसे भी परे जो सदैव प्रत्येक स्थल पर उपस्थित है, वह द है। इसका अभिप्राय यह है कि द हमेशा से था और हमेशा रहेगा।। द शाश्वत मंत्र है। का उच्चारण भगवान शिव ने किया इसलिए जब हम द नमः शिवाय कहते हैं तब यह दुनिया का सर्वाधिक शक्तिशाली मंत्र बन जाता है। आराध्य और उनके द्वारा उच्चरित महामंत्र को अनुस्यूत कर देने से एक नए महामंत्र का प्रस्फुटन होता है। द नमः शिवाय का प्रतिदिन एक माला जाप कीजिए फिर इस महामंत्र का चमत्कार देखिए। सभी प्रकार के विघ्न, बाधाओं का नाश होगा। असंयमी और दुष्ट मन किसी प्रबल शत्रु, बेताल और ब्रह्म राक्षस से कम नहीं हैं। ऐसी दुष्टात्माओं का शमन भी इस महामंत्र के द्वारा संभव है। द नमः शिवाय को ओंकार मंत्र भी कहा जाता है। सनातन धर्म में बच्चा जब पहले दिन विद्यालय जाकर विद्यारंभ करता है तब द शब्द का ही उच्चारण करवाया जाता है। दरअसल द शब्द ही ब्रह्म है। ब्रह्मत्व को प्राप्त करने वाले मार्ग को प्रशस्त करने वाला यह महामंत्र है। द महामंत्र के उच्चारण के द्वारा विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करके शिवत्व की अवधारणा से परिपूर्ण होते हैं। हिन्दू धर्म में यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण संज्ञा है।



विनय कांत मिश्र/
दैनिक बुद्ध का संदेश

# पंजाब में अगली बार किसकी सरकार ??

**इसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा समस्त पंजाबियों की पार्टी बनने की ओर अग्रसर होने लगी। जाहिर था इससे पुराने लोगों में रोष भी होता । यही कारण है कि पार्टी के भीतर नए आने वालों की जन्म कुंडलियां खंगालने का काम शुरू होने लगा। लेकिन प्रेम चन्द ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि भूख में साग पात सभी रुचिकर होता है, लेकिन पेट भर जाने पर चुनने की सुविधा ली जा सकती है। अभी तो ...**

अजय दीक्षित

पंजाब में भाजपा ऊहापोह की स्थिति में है। अकाली दल से समझौते से पूर्व जनसंघ भारतीय जनता पार्टी पंजाब में 0 से लेकर 9 विधानसभा सीटों तक सिमटी हुई थी। आपात स्थिति के उपरान्त 1977 में हुए चुनावों में भी जब जनता पार्टी और अकाली दल ने मिल कर चुनाव लड़ा था तो जनता पार्टी में जनसंघ ग्रुप को विधानसभा में महज 12 सीटें मिली थी। कालान्तर में जब भाजपा और अकाली दल ने आपस में मिल कर चुनाव लडने का मन बना लिया तो भाजपा को 12 से 18 के बीच सीटें मिलने लगी थीं। इसमें कोई शक नहीं कि यह राजनीतिक सुविधा का समझौता था। भाजपा ने मान लिया था कि वह पंजाब में हिन्दुओं के एक तबके की पार्टी है और अकाली दल ने मान लिया था कि वह मोटे तौर पर पंजाब के जट्टधसिख की पार्टी है। दोनों पार्टियों के लिए जरूरी था कि वे अपने प्रभाव क्षेत्र को बढ़ा कर पूरे पंजाबियों की पार्टी बनने की कोशिश करतीं । अन्यथा उनकी स्थिति पंजाब की राजनीति में दबाव समूह से आगे नहीं बढ़ पाएगी। अकाली दल का प्रभाव क्षेत्र यकीनन भाजपा से ज्यादा था, लेकिन वह समस्त पंजाबियों की पार्टी न होकर जाटों के एक हिस्से और कुछ सीमा तक खत्री सिखों के एक हिस्से की पार्टी मात्र ही थी। लेकिन भारतीय जनता पार्टी का प्रभाव क्षेत्र अकाली दल से भी कम था। इस स्थिति में दोनों पार्टियों के पास सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने का एक ही रास्ता था, या तो अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ा कर समस्त पंजाबियों की पार्टी बनती या फिर सत्ता तक पहुंचने का कोई बाईपास ही तलाशतीं। दोनों पार्टियों ने दूसरे रास्ते को ही सरल व प्रभावकारी समझा। उन्होंने आपस में समझौता कर लिया और सत्ता पर कब्जा कर लिया। यकीनन इस राजनीतिक प्रयोग में भाजपा की हैसियत श्छोटे भाईश की ही होती। यह प्रयोग दो–तीन दशक तक चला। लेकिन इस प्रयोग में दोनों पक्ष ही असन्तुष्ट दिखाई देने लगे। भाजपा के कार्यकर्ताओं को यह लगने लगा था कि अकाली दल से समझौते के कारण पार्टी का विस्तार रुक गया है, जबकि यह सोच यथार्थ पर आधारित नहीं थी। समझौते से पूर्व के तीन दशकों में भी पार्टी पूरे पंजाब, खासकर राज्य का हृदय कहे जाने वाले मालवा क्षेत्र में तो अपना प्रभाव कहीं भी बना नहीं सकी थी। अकाली दल को यह भ्रम होने लगा था कि अब पंजाब के अन्य समुदायों में भी उसने अपना संगठन खड़ा कर लिया है और अपने बलबूते वह पंजाब में अपनी सरकार बना सकता है। इसलिए किसान आन्दोलन के बहाने उसने भाजपा से अपना पुराना गठबन्धन तोड़ लिया। लेकिन इससे दोनों पक्ष ही प्रसन्न दिखाई दे रहे थे। अकाली दल को लगता था उसकी पीठ से बोझ उतर गया और भाजपा को लगा कि उसके विकास के रास्ते की दीवार हट गई। सचमुच इसका क्या परिणाम हुआ, यह 2022 के विधानसभा चुनावों से पता चला जब भारतीय जनता पार्टी को दो और अकाली दल को महज तीन साटों पर ही संतोष करना पड़ा। आम आदमी पार्टी ने 118 सीटों वाली विधानसभा में 92 सीटें झटक लीं। लेकिन लगता है आम आदमी पार्टी की जीत पंजाब में विकल्पहीनता की स्थिति का परिणाम था। इसका सबूत चुनावों के तुरन्त बाद, संगरूर लोकसभा की सीट के चुनाव परिणामों से मिला। ह सीट मुख्यमंत्री भगवन्त सिंह मान के त्यागपत्र से खाली हुई थी। भगवन्त सिंह दो बार निरन्तर यह सीट लाखों के मार्जिन से जीत चुके थे। लेकिन उनके मुख्यमंत्री बनने के तुरन्त बाद आम आदमी पार्टी यह सीट हार गई। जीत अलगाववाद के समर्थक सिमरनजीत सिंह की पार्टी अकाली दल (अमृतसर) की हुई। प्रत्याशी भी सिमरनजीत सिंह स्वयं थे। पंजाब में इस नई राजनीतिक स्थिति ने प्रदेश की राजनीति की दिशा बदल दी। अकाली दल को लगा कि उसे अपने पुराने अड्डे पर वापस लौट जाना चाहिए। इसलिए वह पंथ के हितों की रक्षा वाले अपने पुराने स्वरूप की ओर लौटने लगी। अभी तक उसकी कोशिश थी कि भारतीय जनता पार्टी से छुटकारा पा लिया जाए और स्वयं को पंजाबियों की पार्टी के तौर पर स्थापित किया जाए। लेकिन अब वह वापस अपने पुराने घर की ओर चल पड़ी। लेकिन भाजपा इस स्थिति में कौनसा रास्ता अख्तियार करे? क्या वह भी अपने उस पुराने घरौंदे में सिमटी रहे या फिर वह भी पूरे पंजाबियों की पार्टी बनने के रास्ते पर चल निकले। पार्टी के भीतर ही एक समूह पुराने घरौंदे को ही सुरक्षित मानता था। से लगता है कि सारे पंजाबियों की पार्टी बनने के चक्कर में वह अपना सुरक्षित जनाधार भी गंवा लेगी। लेकिन लगता है नरेन्द्र मोदी ने दूसरे रास्ते को अधिमान दिया है। भारतीय जनता पार्टी का पंजाब के हर फिरके में विस्तार किया जाए। यही कारण है कि पार्टी ने अपने दरवाजे पूरी तरह खोल दिए। ऐसा नहीं कि ये दरवाजे पहले बन्द थे । यही कारण है कि कांग्रेस और अकाली दल से टूट–टूटकर अनेक लोग भाजपा में आने लगे। आने वालों में उन समुदायों मसलन जट्ट समुदाय और अनुसूचित समुदाय के लोग ज्यादा संख्या में आने लगे हैं। इससे पूर्व इन्हीं समुदायों के लोग भाजपा में आने में संकोच करते थे। ऐसा नहीं है कि पहले इन समुदायों के लोग भाजपा में नहीं थे, लेकिन प्रायरू ऐसे लोग थे जिनका अपने समुदायों में जनाधार ज्यादा नहीं था। लेकिन अब स्थिति बदलने लगी थी । इसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा समस्त पंजाबियों की पार्टी बनने की ओर अग्रसर होने लगी। जाहिर था इससे पुराने लोगों में रोष भी होता । यही कारण है कि पार्टी के भीतर नए आने वालों की जन्म कुंडलियां खंगालने का काम शुरू होने लगा। लेकिन प्रेम चन्द ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि भूख में साग पात सभी रुचिकर होता है, लेकिन पेट भर जाने पर चुनने की सुविधा ली जा सकती है। अभी तो भारतीय जनता पार्टी को अपनी स्वयं की निर्मित चारदीवारी से बाहर निकल कर समस्त पंजाबियों की प्रतिनिधि राजनीतिक पार्टी बनने की ओर अग्रसर होना होगा ।

# अदालती फैसलों का अच्छा दिन!

**सो, भले फैसला शिव सेना के उ)व ठाकरे गुट के खिलाफ गया हो, भले सुप्रीम कोर्ट ने कहा हो कि वह उ)व ठाकरे की सरकार बहाल नहीं कर सकती है क्योंकि उन्होंने स्वैच्छिक रूप से इस्तीफा दे दिया हो, भले सर्वोच्च अदालत ने शिंदे गुट के 16 विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया हो लेकिन इसके बावजूद यह फैसला बहुत महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि राज्यपाल द्वारा विधानसभा का सत्र बुला ...**

अजीत द्विवेदी

गुरुवार 11, मई का दिन ऐतिहासिक अदालती फैसलों का दिन रहा। देश की सर्वोच्च अदालत ने संविधान की भावना का मान रखने वाले दो अहम फैसले दिए। दिल्ली सरकार और उप राज्यपाल के बीच अधिकारों को लेकर चल रहे विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिकारों को महत्वपूर्ण माना और बेहद अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि श्यह सुनिश्चित करना होगा कि राज्य का शासन केंद्र के हाथ में न चला जाएय्। यह बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी है, जो संविधान से बनाई गई संघीय व्यवस्था को मजबूत करने वाली है। पांच जजों की संविधान पीठ का दो टूक फैसला है कि उप राज्यपाल को चुनी हुई सरकार की सलाह पर काम करना होगा। दूसरा फैसला महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे सरकार के गिरने और शिव सेना के विधायकों की बगावत से जुड़ा था। उस मामले में भले सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा के समर्थन से सरकार चला रहे एकनाथ शिंदे और 15 अन्य विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया है और उद्धव ठाकरे सरकार को बहाल करने से इनकार कर दिया है। लेकिन राज्यपाल और स्पीकर दोनों के कामकाज को लेकर बेहद गंभीर टिप्पणी की है। पहले दिल्ली सरकार से जुड़े फैसले की बात करते हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की चुनी हुई सरकार और केंद्र सरकार की ओर से नियुक्त उप राज्यपाल के बीच अधिकारों को लेकर चल रही खींचतान के मामले में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने जो फैसला सुनाया और जो टिप्पणियां की हैं वह आगे की राजनीति और लोकतांत्रिक व्यवस्था दोनों के लिए बहुत अहम हैं। पांच जजों की संविधान बेंच का फैसला खुद चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने पढ़ा। उनकी दो टिप्पणियां गौरतलब हैं। पहली, केंद्र और राज्य दोनों के पास कानून बनाने का अधिकार है, लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाए कि केंद्र का इतना ज्यादा दखल न हो कि वह राज्य सरकार का काम अपने हाथ में ले ले। इससे संघीय ढांचा प्रभावित होगा। दूसरी, अगर किसी अफसर को ऐसा लगता है कि उन पर सरकार नियंत्रण नहीं कर सकती है, तो उनकी जिम्मेदारी घटेगी और कामकाज पर इसका असर पड़ेगा। उप राज्यपाल को दिल्ली सरकार की सलाह पर ही काम करना होगा। इन दोनों टिप्पणियों को सिर्फ दिल्ली के संदर्भ में देखने की बजाय पूरे देश को ध्यान में रख कर देखने की जरूरत है। भारत में संघीय शासन व्यवस्था है, जिसमें पारंपरिक रूप से केंद्र ज्याद शक्तिशाली है लेकिन पिछले कुछ समय से राज्यों के कामकाज में केंद्र का दखल बढ़ा है और केंद्रीय सत्ता पहले से ज्यादा मजबूत हुई है। ऐसा कानूनी तौर पर हुआ है। भले सभी राज्यों की सहमति से हुआ हो लेकिन वस्तु व सेवा कर यानी जीएसटी की व्यवस्था भी राज्यों का अपने अधिकारों का समर्पण है, जिससे केंद्र को मजबूती मिली है। इसके अलावा चाहे बीएसएफ की जांच का दायरा राज्यों की सीमा में बढ़ाने का मामला हो या केंद्रीय एजेंसियों की जांच का मामला हो, दाखिला परीक्षाओं का मामला हो या कृषि से लेकर शिक्षा तक के समवर्ती सूची या राज्य सूची के विषयों पर केंद्र के कानून बनाने या पहले से चली आ रही व्यवस्था में बदलाव का मामला हो, हर जगह केंद्र की शक्ति बढ़ी है। इसके अलावा विपक्ष के शासन वाले राज्यों के कामकाज में जिस तरह से राज्यपालों का दखल बढ़ा है और राजभवन से समानांतर सत्ता चलाने की प्रवृत्ति बढ़ी है वह भी देश के संघीय ढांचे के लिए अच्छी बात नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला दिल्ली में अधिकारियों की नियुक्ति से जुड़ा है लेकिन इसका व्यापक असर होगा। इससे चुनी हुई सरकारों का सम्मान बहाल होगा और राज्यों को संविधान से मिली स्वायत्तता की रक्षा होगी। जहां तक महाराष्ट्र के मामले में आए फैसले का सवाल है तो उसके दो पहलू हैं। एक राजनीतिक है और दूसरा संवैधानिक और कानून से जुड़ा है। राजनीतिक रूप से देखें तो शिव सेना और भाजपा की सरकार पर मंडरा रहा खतरा टल गया है। एकनाथ शिंदे और शिव सेना के नेता इस पर खुशी मना सकते है क्योंकि शिंदे सहित 16 विधायकों की सदस्यता बच गई है। परंतु इससे राज्य में यथास्थिति बनी रहेगी, जो आगे की राजनीति में भाजपा के लिए नुकसानदेह हो सकती है। ध्यान रहे भाजपा को अंदाजा हो गया है कि एकनाथ शिंदे को भले उसने मुख्यमंत्री बना दिया है लेकिन लोकप्रिय समर्थन उद्धव ठाकरे के साथ है। शिव सैनिक ठाकरे परिवार के साथ हैं इसलिए शिंदे के साथ होने का भाजपा को ज्यादा लाभ नहीं होगा। तभी शिंदे को बदलने की चर्चा चल रही थी। माना जा रहा था कि अदालत के फैसले से शिंदे की विदाई हो जाएगी और उसके बाद नई सरकार में भाजपा अपना मुख्यमंत्री बना सकती है। यह भी चर्चा थी कि शिंदे की सदस्यता गई तो अजित पवार के साथ एनसीपी के कुछ विधायक भाजपा का समर्थन करेंगे। यथास्थिति बने रहने से इन सबकी संभावना खत्म हो गई है या कम हो गई।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राजनीति पर होने वाले असर से ज्यादा अहम राज्यपाल और स्पीकर के कामकाज पर दिया गया आदेश है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तत्कालीन राज्यपाल का विधानसभा का सत्र बुलाने का आदेश कानून सम्मत नहीं था। अदालत ने अपने आदेश में कहा है– तब के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का विधानसभा का सत्र बुलाना, जिसकी वजह से अंततरू उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी की सरकार गिरी, कानून सम्मत नहीं था। सर्वोच्च अदालत ने इसे गैरकानून नहीं कहा लेकिन कानून सम्मत नहीं होने का मतलब भी भी वही होता है। अदालत ने यह भी कहा कि राज्यपाल के पास कोई ऐसा दस्तावेज नहीं था, जिससे लगे कि सरकार गिरने वाली है, उनको जो चिरत्री दी गई थी उसमें भी नहीं कहा गया था सरकार बहुमत गंवा चुकी है। यह राज्यपाल के कामकाज पर एक बड़ी टिप्पणी है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या किसी खास मकसद से राज्यपाल ने विधानसभा का सत्र बुलाया?

इसी तरह सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर के कामकाज पर भी गंभीर टिप्पणी की है और विधायक दल व राजनीतिक दल को एक मानने की सोच पर सवालिया निशान लगाया। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने कहा है कि शिंदे गुट के भरत गोगावले को शिव सेना का चीफ व्हिप नियुक्त करने का स्पीकर का फैसला श्अवैधश्य था। अदालत ने कहा कि स्पीकर ने ऐसा माना कि विधायक दल ही व्हिप नियुक्त कर सकता है, राजनीतिक दल के गर्भनाल (अम्बिलिकल कॉर्ड) को तोड़ देने जैसा है। इस लिहाज से यह फैसला आने वाले समय में नजीर बनेगा। अदालत का यह कहना मामूली नहीं है कि स्पीकर को सिर्फ राजनीतिक दल की ओर से नियुक्त व्यक्ति को ही व्हिप के तौर पर मान्यता देनी चाहिए।



# शुभमन गिल हर फॉर्मेट में कर रहे धमाकेदार प्रदर्शन, पूर्व भारतीय कप्तान ने की तारीफ

गुजरात टाइटंस के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करते हुए आईपीएल करियर का पहला शतक जड़ा है। इस मुकाबले में 58 गेंदों में 101 रन की धमाकेदार पारी खेलकर शुभमन उन बल्लेबाजों की सूची में शामिल गए हैं जिन्होंने तीनों फॉर्मेट में शतक जड़े है। इस शतक से शुभमन ने साबित किया है कि उनका बल्ला क्रिकेट के हर फॉर्मेट में रन बरसाना जानता है।



गुजरात टाइटंस के ओपनर बल्लेबाज शुभमन गिल के बल्ला हर फॉर्मेट में जमकर चल रहा है। उन्होंने इस शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम में भी अपनी जगह पक्की कर ली है। गौरतलब है कि शुभमन इस साल अलग अलग फॉर्मेट में कुल छह शतक जड़ चुके है। वनडे में दोहरा शतक और दो शतक लगा चुके है। टेस्ट और टी20 में भी शुभमन के बल्ले से एक–एक शतक निकला है। इसके बाद उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में भी करियर का पहला आईपीएल शतक जड़ दिया है। इसके साथ वो उन चुनिंदा बल्लेबाजों की सूची में शामिल हुए हैं जिन्होंने हर फॉर्मेट में शतक लगाया है। गौरतलब है कि ये गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल का पहला शतक है। उनके आईपीएल करियर का भी पहला शतक है।

विराट कोहली ने की तारीफ

शुभमन गिल की इस शानदार पारी के बाद खुद भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बल्लेबाज विराट कोहली ने शुभमन गिल की तारीफ की है। विराट कोहली ने शुभमन गिल की एक फोटो शेयर करते हुए उनकी जबरदस्त तारीफ की है। शुभमन के लिए विराट कोहली द्वारा लिखी गई बातें बेहद खास है। विराट कोहली ने अपने इस पोस्ट में शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट का भविष्य करार दिया है। उन्होंने ये भी लिखा की शुभमन भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी का नेतृत्व करने को तैयार है।

अपने पोस्ट में विराट कोहली ने मैच के दौरान शुभमन की फोटो शेयर की और लिखा कि, क्षमताओं से भरपूर शुभमन गिल। जाओ अलगी पीढ़ी का नेतृत्व करो। भगवान आपका भला करे। विराट कोहली की इस पोस्ट से साफ है कि शुभमन गिल में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है। आने वाले कुछ वर्षों में ये खिलाड़ी नेतृत्व करता भी दिख सकता है।

गुजरात के मैदान पर चला शुभमन का जादू

बता दें कि गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुभमन गिल का बल्ला जमकर रन बरसा रहा है। इस स्टेडियम में शुभमन गिल एक शतक, तीन अर्धशतक जड़ चुके है। इसी के साथ आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शुभमन दूसरे पायदान पर आ गए है।

## इमरान समर्थकों की अब खैर नहीं, जिन्ना के घर को आग के हवाले करना पड़ेगा महंगा, आर्मी एक्ट में चलेगा मुकदमा

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में हिंसा और अराजकता का



माहौल देखने को मिला था। अब पाकिस्तानी सेना ने हिंसा को अंजाम देने वाले सभी तत्वों के प्रति सख्ती दिखाने का निर्णय लिया है। सेना ने इसे विदेशी समर्थित और आंतरिक रूप से उकसाया हुआ हमला करार दिया है। इस हमले में सैन्य प्रतिष्ठान और सार्वजनिक–निजी संपत्तियों को निशाना बनाया गया था। हिंसा के दौरान, राज्य संस्थानों, विशेष रूप से संवेदनशील सैन्य इमारतों पर पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों द्वारा हमला किया गया था। जीएचक्यू (सामान्य मुख्यालय) रावलपिंडी में आयोजित विशेष कोर कमांडर्स कॉन्फ्रेंस (सीसीसी) की महत्वपूर्ण बैठक में पाकिस्तान के थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल सैयद असीम मुनीर को 9 मई से कानून और व्यवस्था की स्थिति के बारे में व्यापक रूप से जानकारी दी गई थी। उन्हें बताया गया कि हिंसा निहित राजनीतिक हितों को प्राप्त करने के लिए हुई। इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के एक प्रेस बयान में कहा गया है कि फोरम को मौजूदा आंतरिक और बाहरी सुरक्षा वातावरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई थी।

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने फैसला किया है कि सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने और तोड़फोड़ की साजिश रचने वालों पर पाकिस्तान आर्मी एक्ट और ऑफीशियल सीक्रेट एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पिछले हफ्ते पीटीआई चीफ इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे देश में उनके समर्थकों ने हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया। सेना के दफ्तरों को निशाना बनाया गया। इसके साथ ही ऐतिहासिक कोर कमांडर हाउ को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिसे मूल रूप से जिन्ना हाउस के रूप में जाना जाता है। भारत का बंटवारा कर पाकिस्तान बनाने वाले मोहम्मद अली जिन्ना का कभी ये निवास स्थान हुआ करता था।

# एशिया कप 2023 की मेजबानी छिनने के डर से बौखलाया पाकिस्तान, भारत के साथ–साथ श्रीलंका को भी दी धमकी

एशिया कप को लेकर तनाव जारी है। एशिया कप को लेकर पाकिस्तान को मेजबानी दी गई थी। लेकिन भारत ने वहां जाने से साफ तौर पर इनकार कर दिया है। इसके बाद कई अन्य क्रिकेट बोर्डों ने भारत का समर्थन किया है। इसके बाद ऐसी स्थिति बनी है जिससे कि एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान से छिन सकती है। यही कारण है कि पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और वह लगातार भारत को धमकी दे रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख नजम सेठी ने एक बार फिर कहा है कि इस बात की ष्बहुत वास्तविक संभावनाष है कि अगर पाकिस्तान एशिया कप के मेजबानी अधिकार खो देता है तो वह भारत में 2023 विश्व कप का बहिष्कार करेगा।

नजम सेठी ने साफ तौर पर कहा कि भारत को यह स्थिति नहीं बनाना चाहिए। ऐसी स्थिति जहां हम एशिया कप और विश्व कप का भी बहिष्कार करते हैं.. .और फिर भारत चौंपियंस ट्रॉफी का बहिष्कार करता है...यह एक बड़ी गड़बड़ी होगी। आपको बता दें कि बीसीसीआई के अलावा श्रीलंका और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी कहा है कि एशिया कप का आयोजन पाकिस्ध्तान के बाहर होना चाहिए। श्रीलंका एशिया कप के नए वेन्ध्यू के तौर पर उभरकर सामने आया। लेकिन पीसीबी इसे मानने के लिए तैयार ही नहीं है। इतना ही नहीं, श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को भी धमकाने की कोशिश की है। पीसीबी ने श्रीलंका से कहा कि अगर वे पाकिस्ध्तान में एशिया नहीं जाएगी।



कप को लेकर उसका साथ नहीं देंगे तो पाकिस्ध्तानी टीम टेस्ध्ट सीरीज खेलने के लिए श्रीलंका पाकिस्ध्तान एक हाईब्रिड मॉडल भी लेकर आया था जिसमें कहा गया था कि भारत के मुकाबले किसी अन्य देश में कराए जा सकते हैं। बाकी के पाकिस्तान में होंगे। फिलहाल खबर यह है कि पाकिस्तान के इस मॉडल को भी खारिज कर दिया गया है। सेठी ने भारत–पाकिस्तान मैच के महत्व पर प्रकाश डाला और पाकिस्तान में खेलने वाली अन्य भारतीय खेल टीमों के उदाहरणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान का दौरा करने की भारत की अनिच्छा के पीछे तर्क पर सवाल उठाया। अध्यक्ष ने एक स्पष्टीकरण के लिए आग्रह किया और ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता को बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए भारत की क्रिकेट टीम को पाकिस्तान का दौरा करने के लिए कहा। पाकिस्तान को 2023 एशिया कप और 2023 चौंपियंस ट्रॉफी दोनों का आयोजन करना है। ष्बीसीसीआई को एक अच्छा, तर्कसंगत निर्णय लेना चाहिए ताकि हमें आगे बढ़ने में कोई समस्या न हो।

## गुस्से में इमरान ने खोल दी पाकिस्तानी सेना की पोल, 1971 का जिक्र कर ये क्या कह दिया?

पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और सेना प्रमुख के



बीच तकरार जगजाहिर है। दोनों के बीच जुबानी जंग भी लगातार चल रही है। लेकिन अब पीटीआई चीफ इमरान ने सेना पर हमले के बहाने देश की दुखती रग पर हाथ रख दिया है, जिसका दर्द पांच दशकों बाद भी उससे छुपाए नहीं छिपता। इमरान खान 1971 की घटना को याद करते हुए कहा है कि पाक सेना ने ईस्ट पाकिस्तान के लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया, इसलिए वे अत्याचार के खिलाफ उठे। 90,000 पाक सेना के अधिकारियों और सैनिकों को बंदी बनना पड़ा। इमरान खान ने कहा कि मैं आज फिर से ईस्ट पाकिस्तान के बारे में याद कराना चाहता हूं। मेरी जिंदगी में ईस्ट पाकिस्तान हुआ। मार्च 1971 में मैं वहां मैच खेलने गया था, ईस्ट पाकिस्तान की अंडर–19 टीम के खिलाफ। हमारा जो जहाज वापस आया था वो आखिरी जहाज था। इमरान खान ने कहा कि मुझे अभी भी याद है कि कितनी नफरत हो गई थी पाकिस्तान के खिलाफ। इसी तरह जैसे आज मीडिया को ट्रोल कर कर रहे हैं, उस वक्त भी यही हाल था। फर्क ये है कि आज सोशल मीडिया है। इन्होंने अपना ही वर्जन देने के लिए सोशल मीडिया ही बंद कर दिया। फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब सब बंद कर दिया। मुल्क को कितना नुकसान हुआ। इमरान खान को पकड़ना था और उसका रिएक्शन नहीं दिखाना था। इमरान खान ने कहा कि ईस्ट पाकिस्तान में भी यही हुआ था, हमें यहां कंट्रोल मीडिया पाकिस्तान टाइम्स ही दिख रही थी, जबकि वास्तविक खबरों से अंजान थे। मैं तो इंग्लैंड गया पढ़ने तो मुझे पता चला की क्या हुआ। आज हमें समझना चाहिए ईस्ट पाकिस्तान के लोगों के साथ कितना जुल्म हुआ। उनकी जो पार्टी चुनाव जीती और जिसे पीएम बनना चाहिए था उसके खिलाफ मिलिट्री एक्शन करवा दिया। मुल्क तबाह करवा दिया और 90 हजार हमारे सैनिक युद्धबंदी बन गए। बंद कमरों में फैसले होते हैं और जिन्हें पता ही नहीं वो फैसले कर लेते हैं। जिसका नुकसान मुल्क को उठाना पड़ता है।

## वन चाइल्ड पॉलिसी ने क्या कर दिया देश का हाल! शादी और बच्चे पैदा करने के लिए चीन ने लॉन्च की अनोखी योजना

पड़ोसी मुल्क चीन को बूढ़ा होने का डर सताने लगा है। देश की भागीदारी में युवाओं की भूमिका हर बीतते दिन के साथ कम होती जा रही है। खुद को बूढ़ा होने से बचाने के लिए चीन अब देश के 20 शहरों में पायलट प्रोजेक्ट चलाने की शुरुआत करने जा रहा है। इसका मकसद युवाओं को शादी और बच्चा पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के हवाले से खबर है कि चाइना फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन जन्म दर बढ़ाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत करेगा।

क्या है चीन का प्लान

नया युग नाम से स्कीम फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ने शुरू की है, जो सरकार की जनसंख्या और प्रजनन उपायों को लागू करता है। इसमें महिलाओं युवाओं को शादी करने और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे। इस स्कीम का मकसद शादी को बढ़ावा देना, सही उम्र में बच्चे पैदा करना और बच्चों के पालन–पोषण की जिम्मेदारियों को साझा करने के लिए माता–पिता को प्रोत्साहित करना है।

चीन की थ्री चाइल्ड पॉलिसी

आज से ठीक दो साल पहले चीन सरकार ने परिवार नियोजन के नियमों में ढील देने की घोषणा की थी। चीन में दंपती तीन बच्चे पैदा कर सकने की छूट दी गई। सत्तारूढ़ दल के पोलित ब्यूरो की हुई बैठक में तय किया था कि चीन बुजुर्ग होती आबादी से सक्रिय रूप से निबटने के लिए प्रमुख नीतियां और उपाय लाएगा। कहा गया कि पार्टी के नेताओं ने तय किया कि जन्म देने की आयु सीमा में ढील देने जिसके तहत दंपति तीन बच्चों को भी जन्म दे सकते हैं, इसके अनुकूल नीतियों में बदलाव करने तथा इससे जुड़े अन्य कदम उठाने से चीन के आबादी संबंधी ढांचे को बेहतर बनाया जा सकता है।

क्यों उठाने पड़े थे ये कदम

चीन की सरकार की तरफ से 20 मई को जनसंख्या के आंकड़े जारी किए गए थे। जिसके मुताबिक पिछले दशक में चीन में बच्चों के पैदा होने की रफ्तार का औसत सबसे कम था। आंकड़ों में बताया गया कि 2011 से 2020 के बीच चीन की जनसंख्या वृद्धि दर 5.38 प्रतिशत रही। 2010 में यह 5.84 प्रतिशत थी। वहीं साल 2020 में चीन में सिर्फ 12 मिलियन बच्चे पैदा हुए, जबकि 2016 में ये आंकड़ा 18 मिलियन था।

# मोहम्मद शमी को नहीं मिल रहा खाना, खिलाड़ी ने SRH को हराने के बाद किया हैरतअंगेज खुलासा

किसी भी खेल के खिलाड़ी के लिए जरुरी है कि वो शानदार डाइट ले और अपने खाने को अच्छा रखे ताकी उसके खेल पर कोई आंच ना आए। मगर इन दिनों गुजरात टाइटंस की ओर से इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे तेज गेंदबाजी मोहम्मद शमी खाने को लेकर खुश नहीं है।



सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 15 मई को खेले गए मुकाबले में मोहम्मद शमी ने शानदार गेंदबाजी की और हैदराबाद के 4 बल्लेबाजों को पवेलियन लौटाया। इस बेहद जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत टीम को जीत हासिल करने में सफलता मिली। मोहम्मद शमी ने इस मुकाबले के दौरान चार ओवर में 20 रन दिए और चार विकेट झटके।

इस मैच के बाद पोस्ट प्रेजेंटेशन सेरेमनी में गुजरात को मिली शानदार जीत के बाद रवि शास्त्री ने मोहम्मद शमी से बातचीत की। इस दौरान मोहम्मद शमी से शास्त्री ने शानदार सवाल किया जिसका शमी ने भी हंसते हुए बेहतरीन जवाब दिया। मोहम्मद शमी के इस जवाब से उन्होंने पूरे प्रेजेंटेश की महफिल लूट ली।

दरअसल मैच में पोस्ट प्रेजेंटेशन सेरेमनी में रवि शास्त्री ने मोहम्मद शमी से पूछा कि वो खाने में क्या खाते है? आद हर दिन और भी मजबूत होते जा रहे हैं। बीते डेढ़ महीने में जहां तापमान में बढ़ोतरी हुई है वहीं आपके दौड़ने की गति और तेज होती जा रहा है। इसके पीछे कारण क्या है।

इस सवाल का जवाब में मोहम्मद शमी ने काफी मजाकिया अंदाज में दिया। मोहम्मद शमी ने कहा कि मैं कई दिनों से गुजरात में हूं। मेरा खाना नहीं मिलेना ना मगर मैं गुजराती खाने का मजा ले रहा हूं। मोहम्मद शमी ने चेहरे पर मुस्कान के साथ जिस अंदाज में ये जवाब दिया उसने पूरी महफिल को काफी गदगद कर दिया। शमी का ये जवाब लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। यहां तक की खुद रवि शास्त्री भी इस जवाब के बाद अपने आप को मुस्कुराने से नहीं रोक सके। मोहम्मद शमी ने कहा कि वो अपनी ताकत पर फोकस कर रहे है। उन्होंने कहा कि मैं अच्छे एरिया में गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं।

पर्पल कैप जमाया कब्जा

बता दें कि मोहम्मद शमी इस बार इंडियन प्रीमियर लीग में दमदार प्रदर्शन कर रहे है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले में शमी ने जैसे ही चार विकेट हासिल किए वो पर्पल कैप पर भी कब्जा जमा बैठे। मोहम्मद शमी ने इस सीजन में 13 मैचों में 16.70 की औसत से 23 विकेट चटकाए है। बता दें कि मोहम्मद शमी के बाद इस लिस्ट में गुजरात के ही खिलाड़ी राशिद खान का नाम है जो 23 विकेट चटका चुके है।

# रूस को हथियार भेजने से रोकने के लिए हमने की चीन से बात, पेंटागन के प्रेस सचिव का बड़ा बयान

पेंटागन ने कहा कि उसने रूस को हथियार भेजने से रोकने के लिए चीन के साथ संवाद किया है। हमने रूस को घातक समर्थन प्रदान करने के नकारात्मक परिणामों के बारे में चीन के साथ संवाद किया है। पेंटागन के प्रेस सचिव पैट राइडर ने कहा कि



यह न केवल यूक्रेन पर रूस के अवैध कब्जे की अवधि को बढ़ाएगा और परिणामस्वरूप यूक्रेन में हजारों निर्दोष मारे जाएंगे और निश्चित रूप से उन्हें उन देशों के शिविरों में डाल देंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि पेंटागन के पास ऐसा कोई संकेत नहीं है कि चीन ने रूस को घातक सहायता प्रदान की है।, राइडर ने कहा कि नहीं, ऐसा नहीं है। आप जानते हैं, जैसा कि हमने हमेशा कहा है, हम यूक्रेन के साथ, अपने सहयोगियों के साथ उनकी सबसे जरूरी सुरक्षा सहायता के बारे में सक्रिय चर्चा जारी रखेंगे। जैसा कि आप जानते हैं, हमने तोपखाने, वायु रक्षा, कवच, गोला–बारूद जैसी चीजों सहित कई प्रकार की क्षमताएं प्रदान की हैं और हम आगे भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिमी युद्धक विमानों के लिए फिर से जोर देने के बाद से अमेरिका यूक्रेन के साथ निकट संपर्क में है। किसी भी प्रकार के लड़ाकू विमान के संबंध में आज मेरे पास घोषणा करने के लिए कुछ भी नहीं है। राइडर ने कहा कि कि फिर से, हम यूक्रेन और हमारे सहयोगियों और साझेदारों के साथ उनकी निकट अवधि और लंबी अवधि की सुरक्षा जरूरतों को देखने के लिए बहुत निकट संपर्क में रहने जा रहे हैं।

## शादी ब्याह में निकले लोगों को रास्ता बदल कर जाना पड़ा

रुद्रपुर, एकौना। 9 महीने पहले सितंबर माह में पुल के धंसने से पीडब्ल्यूडी की तरफ से निरोधक कार्य शुरू हुए थे, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। फिर दुबारा धंस गया। एक साल में दो बार एप्रोच धंसने से नाराज लोगों ने शासन प्रशासन के खिलाफ पुल पर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि एप्रोच पाटने के नाम पर करीब दो करोड़ रुपये खर्च हुए और फिर रास्ता बंद हो गया। रास्ता बंद होने से सबसे अधिक दोआबा के लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला ने पिड़रा पुल का जायजा लिया। कहा कि एप्रोच पाटने का कार्य चल रहा है, बड़े वाहनों के आवाजाही पर रोक लगी है।

## मारपीट के मामले में चार लोगों पर केस दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के बभनौली गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष के पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है। बभनौली पांडेय निवासी विश्वनाथ पांडेय पुत्र काशी नाथ पांडेय अपने घर पर भोजन कर रहे थे। इसी बीच पट्टीदारी का चंदशेखर पांडेय व आशीष पांडेय व दो अज्ञात व्यक्ति गाली देते हुए लाठी–डंडे से विश्वनाथ पांडेय को मारने पीटने लगे। इससे वह वहीं गिर गए। उनका सिर फट गया तथा बाएं हाथ में गंभीर चोट आई। बीच–बचाव करने पहुंचे उनके लड़के मनीष को भी मनबढ़ों ने मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। घायल विश्वनाथ का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि मनीष की तहरीर पर गांव के चंदेशेखर, आशीष व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच चल रही है।

## मंत्री के निरीक्षण में गैरहाजिर मिले 16 कर्मचारी

पथरदेवा। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विकासखंड पथरदेवा मुख्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान 21 में 16 कर्मचारी गैरहाजिर मिले। कृषि मंत्री ने खंड विकास अधिकारी को अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया। वहां मौजूद ग्राम प्रधानों ने कृषि मंत्री से कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारी राजीव प्रसाद को 12 गांवों की जिम्मेदारी दी गई है, जो सप्ताह में दो से तीन दिन विकासखंड मुख्यालय पर उपस्थित होते हैं। यही हाल अन्य कर्मचारियों का है। जनहित के कार्यों के लिए ग्राम प्रधानों को भटकना पड़ता है। कृषि मंत्री के निरीक्षण से ब्लॉक कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा।

## सिविल लाइंस रोड पर चलती कार के इंजन से धुंआ निकलने से हड़कंप

देवरिया। शहर स्थित सिविल लाइंस रोड पर दोपहर उस समय अफरा तफरी मच गई, जब कचहरी और शिव मंदिर के पास चलती एक कार से अचानक से धुंआ निकलने लगा। जिसे देख मौके पर हड़कंप मच गया। इससे कुछ देर के लिए फोरलेन के एक साइड में कुछ देर के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। आनन फानन लोगों ने इसकी सूचना फायर बिग्रेड और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची यातायात पुलिस की मदद से किसी तरह धुंए पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंचे टीएसआई गुलाब सिंह ने बताया कि कार में तकनीकी खराबी आ जाने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। बाद में चाबी की मदद से इंजन को बंद किया गया और उसे सड़क किनारे लगवाया गया।

## कॉल पर तत्काल पहुंची मोबाइल वेटनरी यूनिट, मिली मदद

देवरिया। भाटपाररानी ब्लॉक के भठवा पांडेय गांव निवासी गिरधारी की गाय बच्चा दे रही थी। उसी दौरान बछड़ा फंस गया। नजदीक में कोई पशु डॉक्टर नहीं था। पड़ोस के जागरूक पशुपालक से उन्होंने सलाह ली तो उसने 1962 पर कॉल करने का सुझाव दिया। करीब एक घंटे के अंदर मोबाइल वेटनरी यूनिट दरवाजे पर पहुंच गई। गाय और बछड़े को सुरक्षित बचा लिया गया। दरअसल यह सेवा प्रदेश सरकार ने इसी सत्र में एक अप्रैल से शुरू की है। इसकी जानकारी ज्यादातर पशुपालकों को अभी नहीं मिल पाई है। अप्रैल माह में महज 268 लोगों ने कंट्रोल रूम की मदद से अपने पशुओं का इलाज कराया है। हर तहसील मुख्यालय पर एक–एक मोबाइल वेटनरी यूनिट की तैनाती की गई है। कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त होने के एक घंटे के भीतर मोबाइल वेटनरी यूनिट पशुपालक के यहां पहुंच जाती है। जरूरत पड़ने पर पशु को नजदीक के अस्पताल भी लाया जाता है। इलाज के बाद पूरी तरह स्वस्थ होने पर पशु को घर भेजा जाता है, इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता।

## युवक ने गला काटने की कोशिश की

महाराजगंज । थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव में गंभीर बीमारी से पीड़ित 24 वर्षीय युवक सुधीराम ने हंसिया से गला काटने की कोशिश की। थानाध्यक्ष स्वतंत्र सिंह ने बताया की सुधीराम (25) चार साल से मानसिक रूप से बीमार है। उनसे शनिवार को परिजनों से विवाद कर के खुद को कमरे में बंद कर हंसिया से गला काटने की कोशिश की। सूचना मिलने के बाद कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकला गया और इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भेज दिया गया।

## मंदिर में पूजा करने गई नेपाली युवती को ले गया साधू

महाराजगंज । नेपाल स्थित एक मंदिर पर पूजा करने गई नेपाली युवती को साधू लेकर कहीं चला गया। युवती की मां ने खोजबीन के बाद नौतनवां पुलिस को सूचना दी है। जानकारी के मुताबिक, नेपाल के एक गांव निवासी युवती नेपाल स्थित मंदिर में . सुबह पूजा करने गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी तो उसकी मां मंदिर पर खोजने गई। कुछ राहगीरों व महिलाओं ने बताया कि एक साधू के साथ युवती कहीं जा रही थी। प्रभारी थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामला यहां का नहीं है। न कोई तहरीर मिली है। मौखिक सूचना मिली थी।

## टेंपो व बाइक की टक्कर से दो यात्री घायल

महाराजगंज। गोरखपुर–सोनौली राजमार्ग पर टेंपो व बाइक में टक्कर हो गई। टेंपो में सवार दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कैम्पियरगंज के नेतवर बाजार निवासी रसिदा व फरीदे रिश्तेदार साथ टेंपो से सोनौली की तरफ जा रही थे। पिपरामौनी चौराहे पर सामने से आ रही बाइक से टेंपो की टक्कर हो गई। टेंपो में सवार दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी बनकटी भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## नदी में नहाने गए बुजुर्ग की डूबने से मौत

महाराजगंज। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिकंदरा जीतपुर के पास राप्ती नदी में नहाने गए बुजुर्ग की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, बरगदवा निवासी 70 वर्षीय लक्ष्मी साहनी राप्ती नदी में स्नान करने गए थे। नहाते वक्त वह गहरे पानी में चले गए। शोर मचाने पर गांव के कुछ लोगों ने नदी में उतरकर उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। गांव के लोगों ने बताया कि लक्ष्मी सहानी रोज नदी में नहाने जाते थे। फरेंदा के क्षेत्राधिकारी अनिरूद्ध प्रसाद ने बताया कि बुजुर्ग की डूबने से मौत हुई है।

# पीआईसीयू में चार दिन से एसी खराब, मरीज परेशान

## हाथ पंखा के सहारे तीमारदार बच्चों को गर्मी से पहुंचा रहे राहत

देवरिया। भीषण गर्मी का असर बच्चों की सेहत पर पड़ रहा है। उल्टी, दस्त, बुखार की चपेट में आ रहे हैं। ओपीडी में बीमार बच्चों की भीड़ हो रही है। वहीं बेड भरे पड़े हैं। पीआईसीयू में एसी चार दिन से खराब होने से मरीजों को परेशानी हो रही है। हाथ का पंखा के सहारे तीमारदार बच्चों को गर्मी से राहत पहुंचा रहे हैं। वहीं दवा की कमी होने होने पर बाहर से खरीदनी पड़ रही है, जिससे आर्थिक बोझ पड़ रहा है। गर्मी से हर कोई परेशान है। पारा 43 डिग्री सेल्सियस पर रहा। मौसम के कारण प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में लोग बीमार बच्चों को लेकर पहुंचे। इसमें उल्टी, दस्त, बुखार, पेट दर्द, खांसी के मरीजों की संख्या अधिक रही। डॉ. आरके श्रीवास्तव ने 111 तो पुराने भवन में डॉ. एचके मिश्रा ने 53 मरीजों का इलाज किया। इसमें गंभीर चार मरीजों को भर्ती किया गया, जबकि अन्य को दवा और बचाव की सलाह दी गई। उधर 15 बेड के पीआईसीयू भरा है। इसमें दस बेड का एक व दूसरे में पांच बेड है। दस बेड के वार्ड में इस भीषण गर्मी में मरीज बेहाल हैं। यहां पांच एसी लगी है, जिसमें चार एसी और चार वाल फैन में एक खराब है। जो चल रही है उससे कमरा ठंडा नहीं हो पा रहा है, जिससे लोग बाजार व घर से हाथ का पंखा लाकर राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। पीआईसीयू में आठ बुखार, पांच उलटी–दस्त, दो सांस से पीड़ित बच्चे हैं, जिसमें विष्णु 4 वर्ष निवासी रामगुलाम टोला, अरूण 5 वर्ष निवासी सुरौली, भोला चौहान 3 वर्ष निवासी बटुलही, मोहित यादव 13 वर्ष निवासी लाखोपार, श्रुति चार माह निवासी किशनपाली, आरोही 8 वर्ष निवासी छितौनी, अन्नू 10 वर्ष निवासी सेमरी, असद अंसारी डेढ़ साल निवासी भरत पट्टी, नितेश यादव 14 माह निवारी बोरडीह, गिरीश यादव 10 वर्ष निवासी बांकी आदि मरीज हैं। वहीं 20 बेड के चिल्ड्रेन वार्ड में 15 उल्टी–दस्त, चार बुखार व एक सांस रोग से पीड़ित बच्चा भर्ती है। उधर मेडिसिन विभाग में भी 20 बुखार और 10 मरीज उल्टी–दस्त के इलाज कराने के पहुंचे थे। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी के कारण मरीजों में इंफेक्शन का खतरा रहता है। इस समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

## मेधावी छात्र–छात्राओं के लिये मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना– डीएम मनीष कुमार वर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद के आर्थिक रूप से पिछड़े उत्साही तथा मेधावी छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना संचालित शैक्षिक सत्र 2023–24 में कक्षाओं का गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा एवं डॉ बी आर अंबेडकर पुस्तकालय नोएडा में होगा शुभारंभ इच्छुक छात्र–छात्राएं आगामी 30 मई तक जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर करा सकते हैं अपना आवेदन उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर के आर्थिक रूप से पिछड़े उत्साही तथा मेधावी छात्र–छात्राओं को विभिन्न परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा परीक्षा, एनडीए, नीट, सीडीएस, आईआईटी– जेईई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के उद्देश्य जनपद में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना संचालित है। जिला समाज कल्याण अधिकारी गौतम बुद्ध नगर शैलेंद्र बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत शैक्षिक सत्र 2023–24 में आर्थिक रूप से पिछड़े उत्साही तथा मेधावी छात्र–छात्राओं के लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा एवं डॉक्टर बी आर अंबेडकर पुस्तकालय सेक्टर 37 नोएडा में कक्षाओं का शुभारंभ किया जा रहा है। इच्छुक छात्र–छात्राएं आगामी 30 मई तक अपने आधार कार्ड की प्रति, पिता के आय प्रमाण पत्र की प्रति व 2 पासपोर्ट साइज फोटो लेकर कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी गौतम बुद्ध नगर कमरा नंबर 117 विकास भवन सूरजपुर एवं समाज कल्याण विभाग के कनिष्ठ सहायक सारांश श्रीवास्तव, जिनका मोबाइल नंबर 8860517148 तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के कोर्स कोआर्डिनेटर दीपांशु सिंह, मोबाइल नंबर 8800770498 से संपर्क करते हुए अपना आवेदन करा सकते हैं।

## मशाल रैली का डीएम मनीष कुमार वर्मा ने ग्रेटर नोएडा में किया भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से गौतम बुद्ध नगर में निकाली गई मशाल रैली मशाल रैली का डीएम मनीष कुमार वर्मा के द्वारा आज सरोवर पोर्टिको गौर सिटी स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में किया गया भव्य स्वागत डीएम ने मशाल रैली को रवाना करते हुए रैली में किया प्रतिभाग, अन्य प्रशासनिक अधिकारी गण भी रहे उपस्थित जिलाधिकारी ने मशाल रैली में आए खिलाड़ियों को किया सम्मानित उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप आगामी 25 मई से 3 जून तक जनपद गौतम बुद्ध नगर में होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के प्रचार प्रसार एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से विगत 5 मई को लखनऊ से मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों के लिए मशाल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। मशाल रैली 15 मई को गाजियाबाद से गौतम बुद्ध नगर के सरोवर पोर्टिको गौर सिटी ग्रेटर नोएडा पहुंची जहां पर उनका मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया। इसी श्रंखला में डीएम मनीष कुमार वर्मा ने आज सरोवर पोर्टिको गौर सिटी स्टेडियम ग्रेटर नोएडा पहुंचकर मशाल रैली में आए हुए अतिथि खिलाघड़ियों का मंच पर भव्य स्वागत करते हुए उनको सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों एवं जनसामान्य का आह्वान करते हुए अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के महा आयोजन में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करें। इस आयोजन में खिलाड़ियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों का पालन किया जाएगा। यह आयोजन बच्चों में खेल भावना को जागृत करेगा इसलिए सभी पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन से जुड़े, जिससे खेल भावना सबके अंदर पैदा हो और वह मेजबान व आयोजक के रूप में जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सके। उद्‌बोधन के उपरांत जिला अधिकारी द्वारा मशाल रैली को अपने गंतव्य के लिए रवाना किया गया, जिसमें जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा तथा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी गणों ने भी प्रतिभाग किया। जनपद गौतम बुद्ध नगर में पहुंची हुई मशाल रैली आज गौर सिटी स्टेडियम से शुरू होकर लोटस वैली स्कूल, सर्वोत्तम स्कूल, डीपीएस वर्ल्ड स्कूल, भारत राम ग्लोबल स्कूल होते हुए शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में समापन किया गया। इसके उपरांत मशाल रैली को बुलंदशहर के लिए रवाना किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह, नगर मजिस्ट्रेट ग्रेटरध्नोएडा धर्मेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर कोमल पंवार, जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि कुमार, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर एवं संबंधित अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## भंडारे व जल प्याऊ शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश



लखनऊ। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड, लखनऊ द्वारा आज दिनांक 16 मई, 2023 ज्येष्ठ माह के द्वितीय बडे मंगल के सुअवसर पर शशी भूषण बालिका इण्टर कालेज, राजकीय जुबली इण्टर कालेज, योगेश्वर ऋषिकुल इण्टर कालेज एवं दयानन्द कन्या इण्टर कालेज, महानगर मे भण्डारे व जल प्याऊ शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शशि भूषण बालिका इण्टर कालेज, लालकुआं में मुख्य अतिथि के रूप में ओम प्रकाश मिश्र, उप शिक्षा निदेशक षष्ठ मण्डल, लखनऊ एवं प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र, उपाध्यक्ष एवं पायनियर माण्टेसरी इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या शर्मिला सिंह, जिला कमिश्नर गाइड संगीता अग्रवाल, जिला सचिव अनिल षर्मा ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर भोग लगाया तथा जनसामान्य को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष विश्वजीत सिंह, संयुक्त सचिव डा0 मीता श्रीवास्तव, डी0ओ0सी0 गाइड मधु हंसपाल के साथ विद्यालय की गाइड कैप्टन, शिक्षिकाऐं एवं गाइड्स उपस्थित रही। राजकीय जुबली इण्टर कालेज में मुख्य अतिथि के रूप में ओम प्रकाश मिश्र, उप शिक्षा निदेशक षष्ठ मण्डल, लखनऊ एवं प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र, जिला सचिव अनिल शर्मा, राजकीय जुबली इण्टर कालेज के स्काउट मास्टर एवं ट्रेनिंग काउन्सलर (स्काउट) सत्य षंकर मिश्र ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर भोग लगाया तथा जनसामान्य को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष विश्वजीत सिंह, संयुक्त सचिव डा0 मीता श्रीवास्तव, विद्यालय के स्काउट मास्टर नियामत उल्लाह खां के साथ विद्यालय के शिक्षकध्शिक्षिकाएं के साथ स्काउट्स उपस्थित रहें। योगेश्वर ऋषिकुल इण्टर कालेज में मुख्य अतिथि के रूप में ओम प्रकाश मिश्र, उप शिक्षा निदेशक षष्ठ मण्डल, लखनऊ एवं प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र, जिला सचिव अनिल शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सहायक जिला कमिष्नर (स्काउट) डा0 गजेन्द्र कुमार मिश्र ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर भोग लगाया तथा जनसामान्य को प्रसाद वितरित किया गया। योगेश्वर ऋषिकुल इण्टर कालेज मे इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र, प्रदेशीय मंत्री व जिलाध्यक्ष डा0 आर0के0 त्रिवेदी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 गजेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा नवपदोन्नत अपर शिक्षा निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष विश्वजीत सिंह, संयुक्त सचिव डा0 मीता श्रीवास्तव, विद्यालय के स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन के साथ विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा स्काउट्स गाइड्स उपस्थित रहें। दयानन्द कन्या कालेज में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्या डा0 दिव्या श्रीवास्तव ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर भोग लगाया एवं जन समान को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर प्रदेशीय उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र, जिला सचिव अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष विश्वजीत सिंह, संयुक्त सचिव डा0 मीता श्रीवास्तव के साथ विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं गाइड्स उपस्थित रही।

## लघु वादों के निस्तारण के विशेष लोक अदालत का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य



विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक–18.05.2023 से दिनांक–20.05.2023 तक लघु वादों से सम्बन्धित विशेष लोक अदालत का आयोजन श्री रवीन्द्र नाथ दूबे जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी की अध्यक्षता में सिविल कोर्ट परिसर में किया जा रहा है। नाजनीन बानो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी की अध्यक्षता में विभिन्न न्यायालयों पर लम्बित लघु वादों का निस्तारण के सम्बन्ध में मजिस्ट्रेटो की बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में सचिव महोदया द्वारा बताया गया कि इस विशेष लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों पर लम्बित लघु वादों का निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर किया जायेगा। उक्त बैठक में संजय कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री अभिषेक त्रिपाठी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती रंजना सरोज अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री विपिन यादव अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री शैलेन्द्र नाथ सिविल जज (सी0डि0)ध्एफ0टी0सी0–38, श्री नसीम अहमद सिविल जज (जू0डि0)ध्एफ0टी0सी0–39 उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आज होगा आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में उप कृषि निदेशक गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के कृषकों







का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि कृषकों की कृषि से समबन्धित समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को जिला मुख्यालय के निकट किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में सभी किसान भाइयों, कृषक प्रतिनिधियों को माह मई के तृतीय बुधवार अर्थात् 17 मई 2023 को कलेक्ट्रेट स्थित मीटिंग हॉल में समय दोपहर 01 बजे किसान दिवस के उपलक्ष्य में आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने बताया कि सभी प्रगतिशील कृषक किसान दिवस में सम्मिलित हो अपने–अपने गाँव की समस्याओं को बैठक में रख सकते हैं, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान हो व किसान अपनी उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि कर सके। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद में विकसित की जा रही तकनीकी व उन्नतशील प्रक्रियाओं की भी जानकारी दी जाएगी साथ ही इस विषय पर भी बल दिया जाएगा कि किसानों को जागरूक किया जा सके कि उनके द्वारा प्रयोग की जाने वाली खाद की मात्रा उनको उपलब्ध कराये गये सॉइल हेल्थ कार्ड के निष्कर्षो के आधार पर हो। कृषकों की सहायता के लिए आयोजित इस किसान दिवस कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र से जुड़े विभागों के अधिकारी, जिसमें सिचाई, ऊर्जा एवं कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभाग जैसे कृषि, उद्यान, सहकारिता, मतस्य, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन आदि विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, अग्रणी बैंक प्रबन्धक तथा इन्श्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधी भी उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में अधिक विस्तृत जानकारी के लिए कृषक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ सहायक रीना नन्दा के मोबाइल नंबर 9310274651 पर किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# जिलाधिकारी ने विकास खण्ड चतरा का किया औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिह ने मंगलवार को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय चतरा का आकस्मिक निरीक्षण किया, इस दौरान जिलाधिकारी ने बी0डी0ओ0 कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, कर्मचारी कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए सम्पादित किये जा रहे कार्यालीय कार्यों के सम्बन्ध में ए0डी0ओ0 पंचायत चतरा से जानकारी प्राप्त की,तो यह तथ्य सामने आया कि इस कार्यालय का चार्ज डी0सी0 एल0आर0एल0एम0 ए0के0 जौहरी के पास है, जो कार्यालय में कम आते है, जिससे कार्यालय के कार्यों के साथ ही गांवों में बनाये जा रहे आवास, शौचालय, सड़क, पुलिया आदि के निर्माण कार्य में ब्लाक के कार्मिकों द्वारा शिथिलत व लापरवाही बरती जा रही है और कार्यालय कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 से ब्लाक चतरा के चार्ज से हटाने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ब्लाक चतरा के अन्तर्गत गांव में कराये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान ए0डी0ओ0 पंचायत से विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी ली, तो वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकें, जिस पर जिलाधिकारी ने ए0डी0ओ0 पंचायत को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार से कार्यालय के लेखाकार पंकज कुमार से विकास योजनाओं में खर्च किये गये धनराशि के सम्बन्ध में जानकारी ली तो, विकास कार्यों में खर्च की गयी धनराशि



के सम्बन्ध में सही आंकड़ा प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर जिलाधिकारी ने लेखाकार के विरूद्ध आरोप–पत्र तैयार करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किये। इस दौरान जिलाधिकारी मौके पर उपस्थित डी0पी0सी0 अनिल केसरी से गांव में हो रहे विकास कार्यों व स्वच्छता के निगरानी का कार्य इनके द्वारा ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गांव में हो रहे विकास कार्यों की बेहतर तरीके से निगरानी सुनिश्चित की जाये, अन्यथा की दशा में कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने ब्लाक कार्मिकों के उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया तो यह तथ्य सामने आया कि गोपाल शर्मा जे0ई0आर0ई0डी0, अनुराग ए0डी0ओ0 ए0जी0, शिवमंगल ए0डी0ओ0 एस0के0, कन्हैया लाल लेखाकार, हृदय नारायण महतो वरि0स0, बसन्तु चौकीदार कार्मिक अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी अनुपस्थित कार्मिकों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के साथ ही स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। इसी प्रकार से चतरा ब्लाक के पीछे निर्माणाधीन प्लास्टिक निस्तारण यूनिट का निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया, तो मौके पर पाया गया कि निर्माण कार्य धीमी गति से कराया जा रहा है, जिसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया गया, इस मौके पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी व ग्राम प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छता के तहत साफ–सफाई के साथ ही "मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी के तहत चलाये जा रहे अभियान में काफी शिथिलता बरती जा रही है, जो यह स्थिति ठीक नहीं है, इस कार्य में तेजी लायी जाये और लोगों को प्लास्टिक एकत्रीकरण हेतु जागरूकता फैलाया जाये और इससे होने वाले नुकसान के सम्बन्ध में जानकारी दी जायें।

# कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका बिद्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिह ने मंगलवार को रामगढ़ में स्थापित कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय चतरा में औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने विद्यालय के



छात्राओं से वार्ता कर, उन्हें दी जा रही भोजन, नास्ता, रहने व सोने की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की और छात्राओं के भोजनालय कक्ष, किचन कक्ष, स्टाक कक्ष को देखा और जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के लिए बनाये जा रहे भोजन को देखा तो रोटी ठीक ढंग से नहीं बनाया गया था, जिस पर वार्डेन के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाया और बेहतर ढंग से छात्राओं गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि भोजनालय कक्ष मेज कुर्सी, शयन कक्ष में बच्चों के सोने की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित को दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्मिकों के उपस्थिति रजिस्टर, सामग्री स्टाक रजिस्टर का मौके पर निरीक्षण किया और सम्बन्धित टीचरों व कार्मिकों के सम्बन्ध में विधिवत जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये, इसके साथ ही छात्राओं के खेल–कूद के सामग्री आदि सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही परिसर में साफ–सफाई रखने के निर्देश विद्यालय के प्राचार्या को दिया गया। निरीक्षण के मौके पर गेटमैन द्वारा अवगत कराया गया कि गेट काफी दिनों से टूट गया है, जिससे हम लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, जिस पर जिलाधिकारी ने गेट को शीघ्र ही ठीक कराने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, वार्डेन सीमा सिंह सहित विद्यालय के शिक्षिकाएं व शिक्षक सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना से लाभार्थियों के जीवन स्तर में हो रहा है सुधारः मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कैबिनेट मंत्री मत्स्य विभाग उ०प्र० सरकार डॉ



संजय कुमार निषाद, चोपन बैरियर पर निषाद राज पार्क में एक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश में केंद्र सरकार की मछुआ कल्याण को लेकर चलाई जा रही प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना को जमीन पर उतारने को लेकर हर सम्भव कोशिश की जा रही है और इस योजना से मछुआ समुदाय के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है, जिससे मछुआ समुदाय के लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है और वह विकास के पथ पर अग्रसर हो रहे हैं, इसका परिणाम है कि गाजीपुर जनपद के गाँव के गरीब किसान को एक करोड़ की मध्यम मत्स्य आहार प्लांट का लाभ दिया गया है, जोकि 08 टन प्रतिदीन उत्पादन क्षमता पर कार्य करेगा साथ ही मत्स्य विभाग द्वारा पी0एम0एस0वाई0 के अंतर्गत एक करोड़ की योजना पर 60 लाख की सब्सिडी देकर आगे बढ़ाया जा रहा है। श्री निषाद ने बताया कि जिस मछुआ समाज को पूर्व में विकास से छूटे गये थे, आज उसका ख्याल रखने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार तत्पर है, पिछले बजट में 20 हजार करोड़ ब्लू रेवोल्यूशन के नाम पर मछुआ समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रावधान किया है और बीते दिन में पास हुए बजट में मछुआ समाज के लिए 6 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान कर मछुआ समाज को विकास के क्रम में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। केन्द्र और प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रदेश की जनता खुश हैं, केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जन–जन को लाभान्वित किया जा रहा है, जिससे जन मानस के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है और वह विकास के पथ पर लगातार अग्रसर हो रहे हैं।

# दिव्यांगजनों एवं पिछडेवर्ग के लोगों के हितों के लिए कार्य करें अधिकारीगण

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। अधिकारीगण सकरात्मक सोच रखते हुए दिव्यांगजनों एवं पिछडेवर्ग के लोगों की समस्याओं को संवेदनशीलता से ले पिछड़े वर्ग के पात्र छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ शत–प्रतिशत मिले दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रदेशस्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय दिव्यांगजनों के हितों के लिए संस्थाओं के साथ बैठक करें राज्य निधि का उपयोग दिव्यांगजनों के लिए किया जाये। पिछड़े वर्ग के पात्र छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ शत–प्रतिशत रूप से दिया जाय। इसमे किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाय। योजनाओं से सम्बन्धित अनुदान पात्र छात्र–छात्राओं को समय से उनके खातों में भेजने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रदेशस्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय। उक्त निर्देश प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने समीक्षा बैठक के दौरान दिये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश पर प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने मंगलवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने



अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करने हुए कहा कि दिव्यांगजनों एवं पिछडेवर्ग के लोगों के हितों के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों एवं पिछडे वर्ग के लोगों के हितों के लिए कार्य कर रही है, इसमें रूचि लेकर कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दिव्यांगजनों एवं पिछडे वर्ग के लोगों के उत्थान एवं समाज की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु सकरात्मक सोच रखे और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से ले। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सर्वप्रथम पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग कल्याण में संचालित छात्रवृत्ति योजना मे अधिक से अधिक पात्र छात्र–छात्राओं को लाभाविन्त किया जाय। उन्होंने संचालित छात्रावासों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये है, जिससे उसमे रह रहे छात्र–छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग छात्र–छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार पूरा किया जाय, जिससे छात्र–छात्राओं को समय से कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारम्भ हो सके। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांगजनों के हितों के लिए संस्थाओं के साथ बैठक करें। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों से बैठक कर जनपदस्तरीय फीडबैक लेकर दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाय। बैठक में बताया गया कि दिव्यांगजनों की आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य निधि का उपयोग दिव्यांगजनों के लिए किया जाय। दिव्यांगजनों के लिए स्थापित डॉ. शकुन्तला पुनर्वास विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा की गयी। उन्होंने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिव्यांगजनों मिले। बैठक में अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण हेमंत राव, तथा निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण वंदना वर्मा, एवं आयुक्त दिव्यांगजन अजीत कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# ब्लाक घोरावल मे बालश्रम रोकथाम हेतु चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चंद्रविजय सिंह व पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह के निर्देश के क्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी राजेश कुमार खैरवार द्वारा जारी कार्य योजना के क्रम में थाना एएचटीयू, श्रम विभाग व जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला शक्ति केन्द्र की संयुक्त टीम द्वारा ब्लाक घोरावल के कस्बा घोरावल व शाहगंज मे होटल, ढाबों, ऑटो पार्ट्स गैराजों, पेट्रोल पंम्प आदि जगहों पर बालश्रम उन्मूलन अभियान चलाकर सघन चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान 09 बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त करवाकर नियोक्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए, नाबालिग बच्चों को संरक्षण प्रदान कराया गया जिला बाल संरक्षण इकाई से ओआरडब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा आमजन मानस



से आग्रह किया गया है की बाल श्रम ना कराये क्यो की बच्चों का काम स्कूल जाना है न कि मजदूरी करना। बाल मजदूरी बच्चों से स्कूल जाने का अधिकार छीन लेती है और वे पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकल पाते हैं। बाल मजदूरी शिक्षा में बहुत बड़ी रुकावट है, जिससे बच्चों के स्कूल जाने में उनकी उपस्थिति और प्रदर्शन पर खराब प्रभाव पड़ता है। चेकिंग अभियान में रावर्टसगंज श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुयश पाण्डेय, महिला शक्ति केन्द्र से ब्लाक नोडल साधना मिश्रा, बाल संरक्षण इकाई से ओआरडब्ल्यू शेषमणि दुबे थाना एएचटीयू से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव, उपनिरीक्षक हरिदत्त पाण्डे, मुख्य आरक्षी धनञ्जय यादव, आरक्षी अमन द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# 1347 मेधावी छात्राओं को बितरित की गयी बाइसकिल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश अनुसुचित जनजाति बिकास उत्तर



प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित युनिफार्म एवं बाइसकिल योजना अन्तर्गत चयनित अनुसुचित जनजाति की सत्र 2022–23 में कक्षा 6,9,11, में अध्ययन रत 1347 मेधावी छात्राओं को 16 म ई को डायट परिसर उरमौरा में राज्य मंत्री संजीव गौड़, बिधायक रामदुलार गौड़ जिलाध्यक्ष अजीत चौबें के द्वारा बाइसकिल प्रदान किया गया उक्त कार्यक्रम में रमाशंकर यादव जिला समाज कल्याण अधिकारी उनके समस्त सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# एसओजी टीम व करमा पुलिस ने 01 अन्तरप्रांतीय शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

## 6582 लीटर अवैध अंग्रेजी शराबध्बीयर (अनुमानित कीमत मय वाहन 90 लाख रुपये) बरामद



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थध शराब तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार के निर्देशन में एसओजीध्सर्विलांस टीम तथा थाना करमा पुलिस की सयुंक्त टीम गठित की गयी। इस टीम द्वारा अथक लगन व परिश्रम से आसूचना संजाल तैयार किया गया। मंगलवार को समय लगभग 01.00 बजे गठित टीम को जरिये मुखबीर सूचना मिली कि तस्कर वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब की एक बड़ी खेप पंजाब से बिहार ले जाने वाले है । इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भैरोपुर कुचमरवां मोड़ मीरजापुर की तरफ रोड के किनारे ग्राम केकराही से 01 अदद डीसीएम कंटेनर वाहन संख्या ठत् 50 ळ। 5332 को मय चालक के साथ भारी मात्रा में अवैधा अंग्रेजी शराबध्बीयर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 49ध2023 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 60ध63ध्आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# आम का अधिक सेवन स्वास्थ्य को पहुंचा सकता है नुकसान, जानिए कारण



गर्मियों में आम आसानी से बाजार में मिल जाता है और लोग इससे घर में तरह–तरह के व्यंजन बनाकर खाते हैं, लेकिन इसका अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। भले ही आम में विटामिन– ए, विटामिन– बी, विटामिन– सी, विटामिन– ई, कॉपर, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, लेकिन इनका फायदा सीमित मात्रा में सेवन करने से ही मिल सकता है। आइए जानते हैं कि आम के अधिक सेवन से क्या–क्या समस्याएं हो सकती हैं।

एलर्जिक रिएक्शन की रहती है संभावनाः आम के अधिक सेवन से एलर्जिक रिएक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। इसका मुख्य कारण इसमें मौजूद लेटेक्स है। आम में लेटेक्स प्रोटीन के समान ही होते हैं और अगर आप आम का अधिक सेवन करते हैं तो इससे शरीर में लेटेक्स भी बढ़ता है, जो त्वचा पर खुजली या एनाफिलेक्सिस का कारण बन सकता है। इसके कारण गले में सूजन और सांस लेने में गंभीर कठिनाई भी पैदा हो सकती है।

हो सकता है डायरियाः आम में फाइबर की अच्छी खासी मात्रा मौजूद होती है और जब आप इसका अधिक सेवन करते हैं तो शरीर में फाइबर भी ज्यादा हो जाता है। इसके कारण आपको डायरिया की समस्या या फिर कई तरह की अन्य पाचन संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वैसे पाचन संबंधित समस्याएं किसी और वजह से भी हो सकती हैं, इसलिए ऐसा कुछ होने पर डॉक्टरी जांच को प्राथमिकता दें। वहीं डाइट में सीमित मात्रा में आम को शामिल करें।

मधुमेह होने की बढ़ जाती है संभावना

आम का अधिक सेवन शरीर में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ा सकता है और इससे व्यक्ति के इंसुलिन में भी बदलाव होने लगता है। यह बदलाव मधुमेह का खतरा पैदा कर सकता है। बता दें कि मधुमेह एक गंभीर समस्या है, जो व्यक्ति को मौत के मुंह में भी धकेल सकती है। इसलिए जिन लोगों को पहले से ही मधुमेह है तो वे कम ही आम का सेवन करें, वहीं स्वस्थ व्यक्ति भी सीमित मात्रा में आम खाएं।

बढ़ सकता है वजन

आम का अधिक सेवन बढ़ते वजन का कारण बन सकता है और इसकी मुख्य वजह इसमें मौजूद कैलोरी है। इस समस्या को सामान्य न समझें क्योंकि यह शरीर को कई अन्य बीमारियों का घर बना सकती है। वैसे कभी–कभी कुछ शारीरिक समस्याओं के कारण भी लोगों का वजन बढने लगता है, इसलिए बढ़ते वजन की समस्या की असल वजह जानने के लिए डॉक्टर से संपर्क करें।

गर्भावस्था में पहुंचा सकता है नुकसानः गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के लिए भी आम का अधिक सेवन नुकसानदायक है। इसमें कैलोरी और उच्च फाइबर मौजूद होता है, जिनकी अधिक मात्रा से गर्भवती महिला और होने वाले शिशु के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। इसलिए अगर कोई महिला गर्भवती है तो वह आम का सेवन न करें या फिर बेहद कम मात्रा में करें। यही नहीं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं को भी आम का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

## एनिमल के पोस्टर में कुल्हाड़ी लिए क्यों दिखे थे रणबीर कपूर? सामने आई नई जानकारी

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल लंबे समय से चर्चा में है। फिल्म की रिलीज करीब आने के साथ दर्शकों की इसको लेकर



उत्सुकता बढ़ती जा रही है। फिल्म को लेकर तरह–तरह की खबरें आ चुकी हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा चुका है कि इस फिल्म में रणबीर का बिल्कुल अलग अंदाज देखने को मिलेगा। अब फिल्म से जुड़े एक दिलचस्प दृश्य की बातें सामने आई हैं। नई खबर के अनुसार, एनिमल में रणबीर का किरदार उनके करियर का सबसे खास किरदार हो सकता है। इसमें उनका नया स्वैग देखने को मिलेगा। फिल्म के एक दृश्य में रणबीर दिल्ली की सड़कों पर कोट और लंबे बालों में चलते हुए नजर आएंगे। उनके साथ कुछ और गुंडे भी हैं। उन सभी का डेथ वारंट आने वाला है। बिना बैकग्राउंड म्यूजिक के भी यह दृश्य रोमांचक लगता है, क्योंकि निर्देशक ने इसे बेहतरीन तरीके से फिल्माया है।

इस दृश्य में रणबीर काफी हिंसक होंगे। वह कुल्हाड़ी से लड़ते हुए नजर आएंगे। सूत्रों ने पोर्टल को बताया कि यह एक अलग स्तर का दृश्य है। इसे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने मल्टीपल कैमरा के साथ शूट किया है। साथ ही इसमें ज्यादा कट नहीं हैं। हाथ में कुल्हाड़ी लिए और सिगरेट पीते हुए रणबीर का लुक पहले ही सामने आ चुका है। सूत्रों के अनुसार, फिल्म में रणबीर 3 अलग लुक में नजर आएंगे। फिल्म में रणबीर के अलावा अनिल कपूर और बॉबी देओल भी नजर आएंगे। इसमें अनिल कपूर, रणबीर के किरदार के पिता की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं बॉबी देओल पर्दे पर विलेन बनेंगे। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी।




## मैं हमेशा से एक फिल्म अभिनेत्री बनना चाहती थी :कावेरी प्रियम



छोटे पर्दे की मशहूर एक्ट्रेस कावेरी प्रियम ने बताया कि कैसे वह शुरूआती दिनों में एक फिल्म एक्ट्रेस बनना चाहती थीं लेकिन उन्हें टीवी पर अच्छे अवसर मिलते रहे। कावेरी ने कहा, जब मैंने शुरूआत की तो मैं हमेशा एक फिल्म एक्टर बनना चाहती थी। लेकिन, होनी को कुछ और मंजूर था। जब मैं ऑडिशन दे रही थी, तब मेरा मकसद सिर्फ काम करना था, बस काम करो, और तभी टीवी ने मेरा बाहें फैलाकर स्वागत किया। मैं एक टेलीविजन एक्टर नहीं हूं, मैं एक ऐसी एक्टर हूं जो सभी माध्यमों में काम कर सकती हूं। कावेरी को श्ये रिश्ते हैं प्यार केय्, शजिद्दी दिल माने नाय्, शदिल दियां गल्लांय जैसे शोज के लिए जाना जाता है। उन्होंने उस भूमिका के बारे में साझा किया जो वह पर्दे पर निभाने की इच्छा रखती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, ऐसे कई किरदार हैं, जिन्हें मैं निभाना चाहती हूं। मैं स्क्रीन पर कुछ एक्शन सीन्स करना पसंद करूंगी या एक स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना पसंद करूंगी। मैं एक हीरोइन भी बनना चाहती हूं और पर्दे पर कुछ हटकर किरदार करना चाहती हूं।

## इलियाना डिक्रूज ने ब्लैक ड्रेस में फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

बर्फी की एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर काफी चर्चाओं में है। उन्होंने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की है,



जिसमें वह ब्लैक ड्रेस में नजर आ रही है। इलियाना ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कीं। उनके फैंस और करीबी दोस्तों ने इस पर प्रतिक्रिया दी। उनकी दोस्त तमन्ना भाटिया, अथिया शेट्टी, शिबानी दांडेकर, नरगिस फाखरी, मारिया गोरेट्टी और अन्य ने कमेंट सेक्शन में लवस्ट्रेक इमोजी सेंट किया। बेबी बंप की तस्वीरों पर कमेंट करते हुए, शिबानी अख्तर ने कमेंट सेक्शन में लिखारू लव यू गर्ल सो हैप्पी फॉर यू। एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और सोफी चौधरी ने रेड हार्ट इमोजी शेयर किया। पिछले महीने, इलियाना ने अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। एक्ट्रेस इन दिनों अपने गोवा वाले घर में मां के साथ समय बिता रही हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने बेबी बंप की एक फोटो शेयर की थी और लिखा थारू लाइफ लेटली।

## नए फुटवियर से पैरों में हो गए हैं छाले? इन 5 घरेलू नुस्खों से पाए राहत



नए फुटवियर पहनने, अधिक चलने या फिर गलत साइज के जूते पहनने के कारण पैरों में छाले हो सकते हैं और इस स्थिति को शू बाइट के नाम से जाना जाता है। यह एक कष्टदायक समस्या है क्योंकि इसकी वजह से प्रभावित हिस्से पर असहनीय दर्द और सूजन के साथ–साथ चलने में परेशानी होने लगती है। आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो इस समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं।

बर्फ का करें इस्तेमाल

पैरों के छालों के इलाज के लिए बर्फ एक बेहतरीन घरेलू नुस्खा है। यह प्रभावित क्षेत्र के आसपास की सूजन को कम करती है और दर्द को कम करने में भी मदद करती है। आपको बस इतना करना है कि कपड़े का एक साफ टुकड़ा लें और उस पर बर्फ के टुकड़े को लपेटें, फिर उसे थोड़ी देर के लिए प्रभावित हिस्से पर और उसके आसपास धीरे से लगाएं। आप इस उपाय को कई बार दोहरा सकते हैं।

एलोवेरा आएगा काम

एलोवेरा एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–माइक्रोबियल गुणों से भरपूर होता है, जो पैरों के छालों को ठीक करने के साथ ही त्वचा को आराम देने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए ताजा एलोवेरा जेल को प्रभावित जगह पर लगाएं। यह उपचार प्रक्रिया को तेज करने सहित सूजन को कम कर सकता है। अगर आप छालों की जगह मुंहासों से परेशान हैं तो एलोवेरा का इन तरीकों से इस्तेमाल करें।

टूथपेस्ट भी है प्रभावी

सिर्फ आपके मौखिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, टूथपेस्ट का इस्तेमाल पैरों के छालों के इलाज के लिए भी किया जा सकता है। लाभ के लिए टूथपेस्ट का थोड़ा–सा हिस्सा निकाल लें और इसे प्रभावित जगह पर लगाएं। इसे कुछ देर के लिए लगा रहने दें, फिर हल्के गीले कपड़े से इसे पोंछ लें। इसमें बेकिंग सोडा, मेन्थॉल और सोडियम पेरोक्साइड होते हैं, जो छालों को जल्दी ठीक कर सकते हैं।

विच हेजल है कारगर

विच हेजल में एंटी–इंफ्लेमेटरी, एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं और इसमें टैनिन की अच्छी मात्रा होती है, जो पैरों में पड़े छालों को ठीक करने मे मदद करता है। इसके लिए आप विच हेजल की छाल के टुकड़ों को पानी में भिगोएं, फिर इस पानी में सूती कपड़े या रूई को भिगोकर इससे छाले से प्रभावित जगह को पोछें। दिन में 2 से 3 बार ऐसा करने से पैरों के छाले ठीक हो सकते हैं।

ग्रीन टी से मिलेगी राहत

ग्रीन टी में एंटी–ऑक्सीडेंट के साथ–साथ एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो पैरों के छालों के दर्द को कम करने और सूजन से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए गर्म पानी में थोड़ा–सा बेकिंग सोड़ा मिलाएं, फिर इसमें एक ग्रीन टी बैग डुबोएं। इसके बाद टी बैग को ठंडा करने के लिए फ्रिज में रख दें। अब इस बैग को 15–20 मिनट तक छाले से प्रभावित जगह पर लगाएं।